वैशाख माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 101, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 05 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आसमान छूती महंगाई, बढ़ेगी आपकी ईएमआई

## रिजर्व बैंक ने इमरजेंसी मीटिंग में रेपो रेट 4% से बढ़ाकर 4.40% की, आरबीआई ने सीआरआर दर में भी 4.5 फीसदी का किया इजाफा

**नई दिल्ली/मुंबई:** लगातार बढ़ती महंगाई से चिंतित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो रेट को 4% से बढ़ाकर 4.40% कर दिया है। यानी आपका लोन महंगा होने वाला है और आपको ज्यादा ईएमआई चुकानी होगी। 2 और 3 मई को मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की आपात बैठक हुई थी, जिसमें ये फैसला लिया गया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। पिछली मीटिंग 6-8 अप्रैल को हुई थी। पिछली बार 22 मई 2020 को रेपो रेट में बदलाव हुआ था। तब से ये 4% के ऐतिहासिक लो लेवल पर बना हुआ था। रेपो रेट वह रेट होता है जिस पर आरबीआई से बैंकों को कर्ज मिलता है, जबकि रिवर्स रेपो रेट वह दर होती है जिस दर पर बैंकों को आरबीआई के पास अपना पैसा रखने पर ब्याज मिलता है।

**रेपो रेट और ईएमआई का कनेक्शन:** जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंक भी ज्यादातर समय ब्याज दरों को कम करते हैं। इसका मतलब है कि ग्राहकों को दिए जाने वाले लोन की ब्याज दरें कम होती हैं, साथ ही एटक भी घटती है। इसी तरह जब रेपो रेट में बढ़ोतरी होती है, तो ब्याज दरों में बढ़ोतरी के कारण ग्राहक के लिए कर्ज महंगा हो जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कॉमर्शियल बैंक को केंद्रीय बैंक से उच्च कीमतों पर पैसा मिलता है, जो उन्हें दरों को बढ़ाने के लिए मजबूर करता है।



**0.40% ब्याज बढ़ने से कितना फर्क पड़ेगा:** मान लीजिए कि आशीष ने 6% के रेट ऑफ इंटरेस्ट पर 20 साल के लिए 10 लाख रुपए का हाउस लोन लिया है। उसकी लोन की ईएमआई 7164 रुपए है। 20 साल में उसे इस दर से 7,19,435 रुपए का ब्याज देना होगा। यानी, उसे 10 लाख के बदले कुल 17,19,435 रुपए चुकाने होंगे। आशीष के लोन लेने के एक महीने बाद आरबीआई रेपो रेट में 0.40% का इजाफा कर देता है। अब जब आशीष का एक दोस्त बैंक में लोन लेने के लिए पहुंचता है तो बैंक रेपो रेट बढ़ने की वजह से उसे 6.40% रेट ऑफ इंटरेस्ट ऑफर करती है। आशीष का दोस्त भी 10 लाख रुपए का ही लोन 20 सालों के लिए लेता है, लेकिन उसकी एटक 7,397 रुपए की बनती है। यानी आशीष की एटकसे 233 रुपए ज्यादा। इस वजह से आशीष के दोस्त को 20 सालों में कुल 17,75,274 रुपए चुकाने होंगे। ये आशीष की रकम से 55 हजार ज्यादा है।

**सीआरआर में भी 0.50% की बढ़ोतरी**

आरबीआई ने कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) में भी 0.50% की बढ़ोतरी का फैसला किया है। इसे बढ़ाकर 4.5% कर दिया गया है। सीआरआर वह राशि होती है जो बैंकों को हर समय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास रखनी होती है। यदि केंद्रीय बैंक सीआरआर बढ़ाने का फैसला करता है, तो बैंकों के पास डिसबर्सल के लिए उपलब्ध राशि कम हो जाती है। सीआरआर का इस्तेमाल सिस्टम से लिक्विडिटी को कम करने के लिए करता है।

### आरबीआई का फैसला मार्केट के लिए सरप्राइजिंग



आरबीआई का इस तरह से अचानक ब्याज दरें बढ़ाना बाजार के लिए काफी सरप्राइजिंग रहा। इस फैसले के बाद सेंसेक्स करीब 1300 पॉइंट गिरकर 55,700 के करीब पहुंच गया। मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा ने कहा कि मार्केट के लिए ये काफी खराब है। आरबीआई को अचानक इस तरह का फैसला नहीं लेना चाहिए था। सीनियर इकोनॉमिस्ट बृंदा जागीरदार ने कहा कि महंगाई के बढ़ने की वजह से आरबीआई को ये फैसला लेना पड़ा है।

# भारत को रूस से मिलेगा एस-400 का तीसरा खेप

**नई दिल्ली: यूक्रेन** से युद्ध के बीच रूस भारतीय वायु सेना को अत्याधुनिक एस-400 मिसाइल डिफेन्स सिस्टम की तीसरी खेप अगले महीने देने जा रहा है। रूस ने यूक्रेन संघर्ष के बीच पिछले माह एस-400 की दूसरी खेप देकर भारतीय सैन्य शक्ति में इजाफा किया था। दिसंबर में रूस से मिला पहला मिसाइल डिफेन्स सिस्टम पंजाब सेक्टर में तैनात किया गया है। भारत के रक्षा बेड़े में शामिल हो रहे इस रूसी मिसाइल डिफेन्स सिस्टम से पूरी दुनिया खौफ खाती है। चीन और पाकिस्तान के लिए बुरी खबर है क्योंकि अगले माह रूस से अत्याधुनिक एस-400 मिसाइल डिफेन्स सिस्टम की तीसरी खेप भारत को मिलने वाली है। सतह से हवा में लंबी दूरी तक मार करने वाले इस मिसाइल डिफेंस सिस्टम की भारत को आपूर्ति होने से चीन और पाकिस्तान की धड़कनें तेज होना लाजिमी है। भारतीय वायुसेना के 8 सदस्यों की एक टीम रूस में एस-400 का प्रशिक्षण ले चुकी है और भारत आकर अन्य कर्मियों के लिए एस-400 प्रणाली पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू कर दिया है। हर फ्लाइट में आठ लॉन्चर हैं और हर लॉन्चर में दो मिसाइल हैं।



चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत को रूस में बने इस ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की बहुत जरूरत थी। भारत ने रूस के साथ पांच एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 खरीदने के लिए 5.43 बिलियन डॉलर यानी 40 हजार करोड़ रुपये में सौदे किया था जिसे रूस और भारत के रक्षा मंत्रियों ने 06 दिसम्बर को अंतिम रूप दिया था। भारतीय वायुसेना को एस-400 'ट्रायम्फ' मिसाइल की कुल पांच रेजीमेंट (फ्लाइट) अक्टूबर, 2023 तक मिलनी हैं। पिछले साल भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने जल्द से जल्द सभी यूनिट की आपूर्ति करने का भरोसा दिया था। इतना ही नहीं, पुतिन की यात्रा के दौरान ही एस-400 की पहली खेप दिसंबर, 2021 में भारत को मिली थी जिसे पंजाब सेक्टर में तैनात किया गया है। यहां से यह एयर डिफेंस सिस्टम पाकिस्तान और चीन दोनों के खतरों से निपट सकता है। इस बीच यूक्रेन से युद्ध शुरू हो जाने पर रूस से मिलने वाले एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की आपूर्ति पर संकट के बादल गहराने लगे थे लेकिन रूसी रक्षा मंत्रालय से भरोसा दिया गया कि भारत और रूस के रिश्ते पहले से ही ठीक हैं। आगे भी बेहतर रहेंगे, इसलिए 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशी हथियारों के निर्माण में लगने वाले उपकरणों और हथियारों की आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। यही वजह रही कि यूक्रेन से युद्ध के बीच रूस ने भारत को पिछले माह अप्रैल में डिफेंस सिस्टम एस-400 की दूरी खेप आपूर्ति की और अब वायु सेना को अगले महीने रूस से तीसरा एस-400 स्क्वाड्रन हासिल होने वाला है। यह मिसाइल सिस्टम एक साथ मल्टी टारगेट को निशाना बनाकर दुश्मन के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और यूएवी को नष्ट कर सकते हैं। इस मिसाइल सिस्टम की दूरी करीब 400 किलोमीटर है। यानी अगर दुश्मन की मिसाइल किसी विमान या संस्थान पर हमले करने की कोशिश करेगी तो यह मिसाइल सिस्टम 400 किमी. दूर से ही नेस्तनाबूत करने में सक्षम है। यह एंटी-बैलिस्टक मिसाइल आवाज की गति से भी तेज रफ्तार से हमला बोल सकती है। सतह से हवा में मार करने वाली यह रूसी मिसाइल प्रणाली 400 किमी. तक की दूरी और 30 किमी. तक की ऊंचाई पर लक्ष्य को नष्ट करने में सक्षम है।

# राजस्थान में दंगा नहीं होने दियाः सीएम गहलोत

**जयपुर:** जोधपुर में हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण है। भाजपा हिंसा को लेकर गहलोत सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है। इसी बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने दंगा कहीं होने नहीं दिया। न करौली में, न राजगढ़, न जोधपुर में। इसलिए कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

सीएम गहलोत ने ट्वीट कर कहा कि आप जानते हो कि जब भी हिंदू-मुस्लिम के दंगे हुए हैं तो क्या स्थिति बनती है। देश के अंदर क्या-क्या हालात हुए हैं। यूपी,



बिहार और गुजरात के अंदर, जहां-जहां दंगे हुए हैं, वो इतिहास में काले अक्षर में लिखा गया है। उन्होंने कहा कि हमने पुलिस को पूरा चाक-चौबंद किया हुआ है। इसीका परिणाम है कि करौली की घटना जो हुई थी, उसके बाद रामनवमी आई तो राजस्थान में सब जगह सब धर्मों ने रामनवमी के जुलूस का स्वागत किया। फूल बरसाए और उसी दिन सात राज्यों में दंगे भड़के हैं, यहां शांति रही है और शांति इनकी हजम नहीं हो रही है।

**सब एजेंडा के तहत हो रहा यहां:** सीएम गहलोत ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह एजेंडा के तहत हो रहा है। भाजपा हाईकमान की तरफ से राजस्थान के भाजपा नेताओं को ब्रीफ किया गया है। विधानसभा चुनाव आने वाले है।

# जहां माइक से अजान वहीं बजाएंगे हनुमान चालीसाः राज ठाकरे

**मुंबई:** लाउडस्पीकर विवाद और गिरफ्तारी की आशंका के बीच मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा, कई जगह पर मनसे कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी किया गया है, उन्हें हिरासत में लिया गया है। मेरे पर सुबह से कई जगह से फोन आ रहे हैं। मनसे प्रमुख ने कहा, जो लोग कानून का पालन नहीं कर रहे हैं उन्हें कुछ नहीं कहा जा रहा है। जो कानून का पालन करवाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है।

**मेरी बात कई मस्जिदों ने समझी, आभार:** राज ठाकरे ने कहा, मेरी बात को कई लोगों ने समझा है। कई मस्जिदों में लाउडस्पीकर से अजान नहीं हुई है। जिन मस्जिदों ने मेरी बात को समझा है उनके प्रति आभार। उन्होंने बताया कि, महाराष्ट्र में करीब 90 प्रतिशत मस्जिदों में लाउडस्पीकर से अजान नहीं हुई है। हालांकि, उन्होंने फिर कहा जो लोग हमारी बात नहीं मानेंगे, वहां हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह धार्मिक मुद्दा नहीं है एक सामाजिक मुद्दा है। अगर वो अड़े रहेंगे तो हम भी धर्म का पालन करेंगे।

**लाउडस्पीकर उतरने तक जारी रहेगा अभियान:** मनसे प्रमुख ने कहा, यह एक दिन का मुद्दा नहीं है। मैं इसके लिए क्रेडिट नहीं लेना चाहता। इसमें सभी का सहयोग है। उन्होंने कहा अवैध मस्जिदों को लाउडस्पीकर की इजाजत क्यों दी गई है। कानून का पालन न करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? हमारी मांग सिर्फ सुबह की अजान के लिए नहीं है।

### एलआईसी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुला

**नई दिल्ली: । सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया। देश के इतिहास का सबसे बड़ा एलआईसी के आईपीओ में खुदरा एवं संस्थागत निवेशक 9 मई, 2002 शाम 5 बजे तक निवेश करने के लिए बोली लगा सकेंगे। एलआईसी का आईपीओ खुलने के साथ ही इसमें निवेश करने वाले निवेशक इस पर टूट पड़े। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है ।

# 21 जून से श्री रामायण यात्रा के लिए चलाई जाएगी 'भारत गौरव' ट्रेन

**नई दिल्ली:** धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक साज सज्जा के साथ तैयार देश की पहली वातानुकूलित भारत गौरव ट्रेन 21 जून से श्री रामायण यात्रा के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग से रवाना होगी और पर्यटकों को प्रभु श्रीराम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का भ्रमण व दर्शन कराएगी। इस पर्यटक ट्रेन का संचालन करने वाली आईआरसीटीसी के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि पूरी यात्रा में कुल 18 दिन लगेंगे। यह ट्रेन



स्वदेश दर्शन के अंतर्गत चिन्हित रामायण सर्किट पर प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े स्थलों का पर्यटन कराएगी। नेपाल स्थित जनकपुर में राम जानकी मंदिर का भ्रमण भी ट्रेन टूर में शामिल होगा।

# मोदी विजन के चलते विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा हरिद्वारः पीयूष

**हरिद्वार:** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने मोदी विजन की खूबियों को एक-एक कर गिनाया। उन्होंने कहा कि मोदी विजन के कारण हरिद्वार एक ऐसे स्तर पर पहुंच गया है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। केंद्रीय मंत्री बुधवार को यहां राजमार्ग स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हमने 4 साल में जो किया है, वो पिछले 70 सालों में नहीं किया गया था। यह प्रधानमंत्री मोदी का ही विजन है, जो इसे चला रहा है। उन्होंने कहा कि चुनावों ने साबित कर दिया कि यह उनका विजन वही है, जो राज्य चाहता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो राज्य बहुत ज्यादा विकास से सुशोभित नहीं रहे हैं, उनको आकांक्षी जिले के नाते आगे बढ़ाने के



लिए राज्य सरकारों को प्रोत्साहित किया है। मोदी सरकार की सोच है कि सभी जनप्रतिनिधि चाहे केंद्र के हों या राज्य सरकारें हों, लोकल इकाइयों के हों मिलकर उन महत्वाकांक्षी जिलों को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे। इन जिलों का कैसे उद्धार हो, कैसे सरकार की जितनी भी योजनाएं हैं, वहां हर घर तक पहुंचें। इस पर बल दिया जा रहा है। समाज के हर एक व्यक्ति को उनका लाभ मिले, उस पर विशेष बल दिया जा रहा है। पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सभी को अलग-अलग जिले बांटे हैं। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे हरिद्वार आने का मौका मिला और मुझे हरिद्वार जिला मिला। गौरतलब है कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के 112 सबसे कम विकसित जिलों को जल्दी और प्रभावी ढंग से विकास में आगे लाना है। जिलों में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं घर-घर तक पहुंचाना पीएम मोदी का मकसद है। उत्तराखंड में 2 जिलों को आकांक्षी जिलों में चयनित किया गया है। इसमें एक उधम सिंह नगर है और एक हरिद्वार जिला है। हरिद्वार की जिम्मेदारी पीयूष गोयल को दी गई है।

# पाकिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई करने से परहेज करें छात्रः एनएमसी

**नई दिल्ली:** पाकिस्तान से मेडिकल की पढ़ाई करने की योजना बनाने वालों के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन ने परामर्श जारी किया है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी ने पाकिस्तान में जाकर एमबीबीएस व बीडीएस कोर्स करने वाले छात्रों के लिए चेतावनी जारी किया है। एनएमसी द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि उन विद्यार्थियों को भारत में प्रैक्टिस की अनुमति नहीं दी जाएगी जो अपना मेडिकल पाकिस्तान में करेगा। एनएमसी द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया कि कोई भी भारतीय नागरिक एमबीबीएस या बीडीएस या समकक्ष कोर्स के लिए अगर किसी पाकिस्तानी मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लेता है तो वो भारत में



एफएमजीई के लिए उपस्थित होने के योग्य नहीं होंगे और भारत में उन्हें कोई नौकरी नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही जिन प्रवासियों और उनके बच्चों ने पाकिस्तान से मेडिकल या अन्य हायर एजुकेशन की डिग्री प्राप्त की है और अब उन्हें भारतीय नागरिकता प्राप्त हो चुकी है वे गृह मंत्रालय से सिक्योरिटी क्लीयरेंस लेने के बाद एफएमजीई में भाग ले सकते हैं। फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) एक जरूरी परीक्षा है जो विदेशों से मेडिकल में ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों को भारत में मेडिकल प्रैक्टिस करने की सुविधा प्रदान करता है। हालांकि एनएमसी ने ये भी साफ किया है कि साल 2018 से पहले मेडिकल की डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को और गृह मंत्रालय से सिक्योरिटी क्लीयरेंस मिलने वालों को नौकरी मिलेगी और वे एफएमजीई टेस्ट में भी भाग ले पाएंगे।

# झारखंडः पंचायत चुनाव में नहीं मिलेगा ओबीसी आरक्षण

**नई दिल्ली:** झारखंड में पंचायत चुनाव अपने तय शेड्यूल के मुताबिक ही होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण देने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज की। याचिका आजसू के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने दायर की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि झारखंड सरकार पंचायत चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं दे रही है। ओबीसी को आरक्षण की मांग करते हुए कहा गया कि



चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। कोर्ट ने कहा कि चूंकि राज्य में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है, इसलिए वो इसमें फिलहाल कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। कोर्ट ने कहा कि भविष्य में होने वाले चुनाव के लिए ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी आरक्षण की प्रक्रिया को अपनाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए की गयी प्रार्थना

**जसरा।** मंगलवार को क्षेत्र के मनकवार में सीएमपी डिग्री कालेज के प्राचीन इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नम्रता प्रसाद के निधन की वजह से शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल के नेतृत्व में मौन धारण करके दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना की गयी।इस अवसर पर शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल नें बताया कि एसोसियट प्रोफेसर डॉ. नम्रता प्रसाद कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान कर चुकी हैं।अभिषेक सिंह पटेल का यह भी कहना हैं वह कुशल, मृदुभाषी एवम शान्तिप्रिय शिक्षिका के साथ ही वह जनसेवाओं के लिए भी जानी जाती हैं।प्रति वर्ष सैकड़ों विद्यार्थियों को कापी, किताब के अलावा आर्थिक मदद करके विद्यार्थियों को नेक रास्ते पर चलने के लिए प्रोत्साहित करती रहीं हैं।उनके असमय निधन से छात्र /छात्राओं सहित शिक्षा महकमे में शोक की लहर हैं। उनके निधन की सूचना जैसे ही विद्यार्थियों को हुई हर व्यक्ति स्तब्ध एवम गमगीन हों गया।इस अवसर पर छाया, माहिमा, बृजेश, कल्पना, आराधना सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने इन्द्र धनुष मिशन का फीता काटकर किया शुभारम्भ

## सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सभी मूलभूत व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने का डीएम ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम पर इन्द्र धनुष मिशन के अन्तर्गत बच्चों/गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को फीता काटकर शुभारम्भ किया। शुभारम्भ के बाद वहां पर उपस्थित बच्चों को पोलियों वैक्सीन का ड्राप भी पिलाया। तत्पश्चात उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओ0पी0डी0 के इम्प्रूवमेंट की जानकारी ली तथा मिशन इन्द्र धनुष में दी जाने वाली सारी दवाईयों को दिये जाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने वैक्सीनेशन कक्ष का निरीक्षण किया तथा रजिस्टर का भी निरीक्षण किया कि कितने लोगो को वैक्सीनेशन दिया गया। वार्डों के निरीक्षण में रजिस्टर में अंकित दवाओं को भी चेक किया। आइएलआर तथा तापमान यंत्र भी चेक किया कि क्रियाशील है कि नहीं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से सभी



इंद्र धनुष मिशन का फीता काटते जिलाधिकारी प्रयागराज

प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं को बनाये रखने तथा इसकी मानीटरिंग निरंतर करते रहने के निर्देश दिए है। ग्राम पंचायतों में सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए सम्बंधित ग्राम के राशन वितरण(कोटेदार कार्यालय) पर विशेष आयुष्मान कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प दिनांक 04 मई से 18 मई, 2022 तक निर्धारित रोस्टर के अनुसार संचालित किया जायेगा। सभी अंत्योदय कार्ड जिनका अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना हुआ है, तो अपने ग्राम की आशा और कोटेदार से सम्पर्क करते हुए अपना आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप और किसी भी राजकीय व चिन्हित निजी चिकित्सालयों में 05 लाख प्रति परिवार तक के निःशुल्क गम्भीर बीमारियों के इलाज की सुविधा का लाभ उठाएं। आयुष्मान सूची में अपनी पात्रता जांच हेतु टोल फ्री नम्बर 14555 पर कॉल करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सत्येन्द्र कुमार राय सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से नर्मदेश्वर महादेव बरेस्ता कला में



**प्रतापपुर।** बरेस्ता कला के पावन धरती पर नव निर्मित शिव मंदिर में देवों के देव महादेव श्री अवलोकितेश्वर नर्मदेश्वर महादेव की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा का शुभ समय 5, 6, 7 मई को होना सुनिश्चित हुआ है।जिसके उपलक्ष्य में महाप्रसाद भंडारा का आयोजन 12 मई को किया गया है जिसमे सभी सादर आमंत्रित है। राजेश कुमार पांडेय, मनीष पांडेय ग्राम पंडरी, बरेस्ता कला के यहां कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है।सुरेंद्र नाथ पाठक, मनोज पाठक, डीपी पाठक, श्यामबिहारी पांडेय जिला उपाध्यक्ष बीजेपी, अजीत कुमार पांडेय, विनय दुबे मंडल मंत्री बीजेपी, वीरेंद्र नाथ पाठक, रंगीलाल यादव सपा नेता, अमित पाठक, राजेंद्र प्रसाद पाठक, अंबिका पांडेय एवं ग्राम प्रधान नागेंद्र भारतीय एवं समस्त ग्रामवासियों ने कार्यक्रम में पहुंचने की अपील किया है।

### निमंत्रण से घर वापस जा रही महिला को ट्रक ने कुचला मौत

**जसरा।** प्रतिदिन की तरह जसरा रेलवे फाटक पर जाम लगने के कारण निमंत्रण से वापस दामाद के साथ अपने घर जा रही महिला की ट्रक से कुचलने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक जाम को देखते हुए मौके से फरार हो गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। जबकि ट्रक को घूरपुर पुलिस थाने पर उठा ले गई।घूरपुर थाना क्षेत्र के तातारगंज गांव निवासी चन्द्र प्रकाश कोटार्य की 42 वर्षीय पत्नी कौशल्या देवी अपने दामाद जीतेन्द्र कोटार्य निवासी कोटवारन का पूरा पांडर थाना बारा के साथ कोहड़ारघाट निमंत्रण से वापस अपने गांव जा रही थी। जसरा रेलवे फाटक पर जाम में ट्रक के बगल में मोटरसाइकिल खड़ी कर दिया। फाटक खुलते ही ट्रक जैसे ही आगे बढ़ी की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया और पीछे बैठी कौशल्या देवी ट्रक के नीचे चली गई। जिससे ट्रक महिला के ऊपर चढ़ गई और महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर चौकीइंचार्ज गौहनिया गौरव सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया। इधर भीड़ का फायदा उठाकर ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाने उठा ले गई। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया गया है।

### हादसे में मरी महिला के पति को रोडवेज विभाग को देना होगा 50 लाख का मुआवजा

**प्रयागराज।** दस साल पहले सोरांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत रोडवेज बस की चपेट में आने से टैम्पो में बैठे छह मुसाफिरों की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने परिवहन निगम की विशेष याचिका को खारिज करते हुए दुर्घटना में मृत गायत्री देवी के पति को 50 लाख रुपये का दावा भुगतान करने के हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। दुर्घटना में मरने वालों की सूची में कर्नलगंज की गायत्री देवी भी शामिल थीं। गायत्री देवी प्राथमिक विद्यालय कस्तूरी में सहायक अध्यापक थीं। पति रविंद्र प्रताप ने जिला न्यायालय में दावा भुगतान के लिए याचिका दाखिल की थी। सत्र न्यायालय ने 50 लाख रुपये के भुगतान का आदेश किया था। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने सत्र न्यायालय के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने 22 नवंबर 2021 को सत्र न्यायालय के फैसले को सही माना और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की अपील को खारिज कर दिया। अधिवक्ता राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि परिवहन निगम ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष याचिका दाखिल कर हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने की मांग की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया।

# तहसील प्रशासन ने खाली करवाया आम रास्ता

## चला बुलडोजर : दबंगों ने किया था कब्जा

## सरकारी रास्ते पर किए गए कब्जे पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद तहसील प्रशासन ने की कार्यवाही

अखंड भारत संदेश







**शंकरगढ़।** वर्षों से दबंगों के चंगुल में रहे आम रास्ते को बुधवार को खाली करवाया गया। तहसील प्रशासन के बाद हाईकोर्ट ने भी कब्जाधारकों को कोई राहत नहीं दी और आज सुबह प्रशासनिक अमला भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचा और रास्ते पर किए गए कब्जे पर बुलडोजर चलवाकर खाली करवाया गया। कब्जाधारकों ने उक्त रास्ते पर कई कच्चे और पक्के निर्माण करवा रखा था। इस रास्ते के खाली हो जाने के बाद से सैकड़ों लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।आम रास्ते पर किए गए कब्जे का यह मामला विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम देवरा के मजरे इटवा का है।

बताया जाता है कि इटवा निवासी अमृतलाल कोल, रामशुदिन पांडेय और सुदिन कोल यहां के आम रास्ते पर सालों से कब्जा कर रखा था। तीनों ने उस रास्ते पर शौचालय, दीवार, छप्पर इत्यादि का निर्माण कर रास्ता बाधित कर रखा था। रास्ता बंद होने से क्षेत्रीय लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। मामले की शिकायत पर 67-1 के तहत उक्त मामला तहसीलदार की अदालत में चला। तहसीलदार की अदालत ने आम रास्ते पर किए गए कब्जे को हटाने का निर्देश दिया। इस पर कब्जाधारकों ने उच्च न्यायालय की शरण ले ली। उच्च न्यायालय की तरफ से भी कब्जाधारकों को कोई राहत नहीं मिली और अदालत ने तहसील प्रशासन को कब्जा हटवाने का आदेश दे दिया। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में आज उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी की अगुवाई में प्रशासनिक तोड़ू दस्ता ग्राम देवरा के मजरा इटवा पहुंचा।एसडीएम सौम्या गुरुरानी, तहसीलदार गणेश सिंह, नायब तहसीलदार रविकांत द्विवेदी, कानूनगो प्राची केसरवानी, लेखपाल अमृतलाल, दीवान सिंह, गंगाप्रसाद, उमेश के साथ कब्जा हटाने की कार्यवाही पूर्वाह्न ११ बजे शुरू को गई और शाम तक बुलडोजर के जरिए कब्जा हटाया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए शंकरगढ़ थाने से सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि मार्ग संख्या 36 को कब्जामुक्त करवाया गया है।

### अधिवक्ता के मुंशी से पचास हजार की लूट

**लालापुर।** क्षेत्र के बसहरा तरहार गांव निवासी राकेश पांडेय बारा तहसील में मुंशी का काम करते हैं।घर से वह तहसील जाते समय बैंक में पैसा जमा करने के लिए लेकर जा रहे थे चिल्ला मोड़ के पास दो बाइक सवारों ने उनको रोक लिया और कट्टा सटा कर पचास हजार रुपए लूट कर बाइक से फरार हो गए।भुक्तभोगी राकेश पांडेय पुत्र राम सजीवन पांडेय ने बताया की उसमें से वह एक को पहचान गया है जो उसके गांव का ही व्यक्ति है।भुक्तभोगी ने क्षेत्राधिकारी बारा व लालापुर थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर करवाई की मांग किया है।

### साइबर अपराधियों ने उड़ाए 36 हजार

**मऊआइमा।** क्षेत्र में सक्रिय साइबर अपराधियों ने बैंक के खाते से 36 हजार रुपये उडा दिए।भुक्तभोगी ने थाने में थाने में तहरीर दे कर अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बालाडीह निवासी जगत राज यादव पुत्र दुग्गे यादव का कथन है कि उसके बैंक खाते से सक्रिय साइबर अपराधियो ने 36 हजार 625 रुपया निकाल लिए । भुक्तभोगी जगतराज यादव ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# जनता का जनादेश स्वीकार मूलभूत आवश्यकताओं की कमी ना हो डबल इंजन सरकार में : उज्जवल

अखंड भारत संदेश

## बिजली समस्या से ग्रामीण जनता त्रस्त




**करछना।** प्रयागराज सपा पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह ने ईद की बधाई देने चाका करछना विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण दौरान ग्रामीणों ने बिजली की अत्यधिक अधोषित कटौती की शिकायत किया जिसपर अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर समस्या हल करने को कहा उन्होंने कहा कि जनता का जनादेश स्वीकार बस लोगों ने जिस अपेक्षा अकांक्षा से डबल इंजन की सरकार बनाई उसपर खरे उतरने का समय हैं क्योंकि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री से लेकर सांसद विधायक सब सत्ता पक्ष के हैं इसलिए बिजली, पानी, सड़क नाली खड़जा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की कमी ना हो। पूर्व मंत्री ने कहा कि करछना में बढ़ती बेरोजगारी समस्या समाधान के लिए कचरी में अधिग्रहित जमीन पर बिजली कारखाना निर्माण हो जिससें बिजली समस्या हल होने के साथ नवजवानों को रोजगार मिल सके क्योंकि सांसद विधायक सब सत्ता पक्ष के हैं इसलिए अब कोई रूकावट नहीं आनी चाहिए 2006 में मुलायम सरकार में मैंने पर्यावरण मंत्री रहते हुए तीन बिजली उत्पादन कारखाना स्वीकृति कराया था मेजा, बारा में उत्पादन शुरू है कचरी करछना बाकी हैं।सपा जिलाउपाध्यक्ष ने ईद मिलन करते हुए कहा कि यहीं गंगा जमुनी तहजीब की खुबसूरती हैं कि ईद और अक्षय तृतीया एक साथ मनाते हैं इसी आपसी भाई चारा से ही मानवता का विकास होगा नफरत से कभी किसी को कुछ नहीं मिला यह इतिहास गवाह हैं। साथ में विधानसभा अध्यक्ष सनिल अहमद, अल्प संख्यक जिलाध्यक्ष पप्पू इसराइल, शीतला पाण्डेय, शीलवन्त यादव, अफजल, दिलबहार, अतुल गिरी, आरिफ, गगन पटेल आदि लोग रहे।

### जल्द ही लालापुर में शुरू होगी सरकारी बस सेवा

**लालापुर।** क्षेत्र में वर्षों से सरकारी बस का संचालन बंद है जिससे घूरपुर से लेकर प्रतापपुर तक सैकड़ों गांव प्रभावित हैं। तरहार इलाके के लोग आज भी शहर जाने के लिए हजारों रुपए खर्च करते हैं।इसमें दुकानदार,कचहरी जाने वाले व नौकरी पेशा लोग भी शामिल हैं जो प्रतिदिन शहर में आते जाते हैं।ग्रामीण दिनेश तिवारी ने सांसद रीता बहुगुणा जोशी को इस समस्या का शिकायती पत्र दिया था जिस पर सांसद ने क्षेत्रीय प्रबंधक यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम प्रयागराज को पत्र लिख कर बस का संचालन प्रयागराज से घूरपुर से प्रतापपुर तक चलाने की मांग किया है।जिससे क्षेत्रीय लोगों में खुशी है।

### वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र तिवारी की दादी का निधन

**जंघई।** सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत एवं पूर्व अध्यक्ष प्रबंध समिति नागरिक इंटर एवं पीजी कॉलेज जंघई अमरनाथ तिवारी की पत्नी एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बाबा तिवारी चनेथू जंघई निवासी की दादी ललिता देवी 90 वर्ष का लंबी बीमारी से बुधवार को दोपहर 2 बजे निधन हो गया।

# मेजा तहसील के अधिवक्ताओं ने घायल साथी के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** घायल साथी के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बार मेजा के अधिवकताओं ने बुधवार को न्यायिक कार्य से दूर रहे।गौरतलब है कि मेजा तहसील में वकालत करने वाले मेजा थाना क्षेत्र के बकचुंदा निवासी अधिवक्ता दिवाकर तिवारी पुत्र कैलाश चंद तिवारी को 3 अप्रैल को प्रातः मकान निर्माण कराने हेतु अपने भूमि ग्राम गोसौरा कला में बालू गिरवा रहे थे, तभी वहां पर हथियारों से लैस होकर राज बहादुर यादव पुत्र राम प्रसाद यादव व विनय यादव पुत्र राजबहादुर यादव रामकृष्ण यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी ग्राम गोसौरा व सत्या यादव पुत्र श्यामलाल यादव निवासी ग्राम पकरी हथियारों से लैस होकर अधिवक्ता दिवाकर तिवारी के ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे उनका पूरा शरीर लहूलुहान हो गया तथा सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। बेहोशी की हालत में जीवन मरण के बीच अधिवक्ता स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती हैं। बार एसोसिएशन मेजा के अध्यक्ष उमाकांत मिश्र,मंत्री दिनेश कुमार




मेजा तहसील में प्रदर्शन करते अधिवक्ता

द्विवेदी सहित भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने नामजद मुल्जीमानो की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। अधिवक्ताओं ने 3 दिन के अंदर गिरफ्तारी न होने पर अधिवक्ता गण उग्र आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेंगे की चेतावनी दी है।अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से घायल साथी के आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है।





# कुम्भकरण की नींद में सोया हुआ है लोक निर्माण विभाग,रोजाना हो रही दुर्घटना

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के मेजा रोड बाजार में लोक निर्माण विभाग के द्वारा 1 महीने से ज्यादा समय से सड़क खोद जगह-जगह खोदकर छोड़ दिया गया है जिसके चलते रोजाना बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं लेकिन विभागीय अधिकारी कुंभकरण की नींद में सोए हुए हैं।बता दें कि मेजारोड बाजार के कोहडार चौराहे से ओवर ब्रिज के पास जगह जगह लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क मरम्मत की करण को लेकर लगभग 1 महीने से ज्यादा खोदकर छोड़ दिया गया जिसके चलते रोजाना बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं लेकिन विभाग कुंभकर्ण नींद में सोया हुआ है जिसे लेकर स्थानीय लोगों में विभाग के प्रति खासा आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोजाना दर्जनों की ज्यादा संख्या से लोग उक्त सड़क में फिसल कर घायल हो रहे हैं कई बार शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है शायद विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

### ईश्वर शरण में 14 मई को होगा योगाभ्यास

**प्रयागराज।** ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में सोमवार को मानव जीवन में योग का महत्व विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। एनएसएस की कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुमन अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले एवं विशेष स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सम्मानित किया जाएगा। योग से संबंधित ऑनलाइन क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। 14 मई को योग विशेषज्ञ को बुलाकर छात्रों को योग अभ्यास कराया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेज हो गई है।

# बैंकों में फायर ब्रिगेड की टीम ने किया मॉकड्रिल

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** फायर ब्रिगेड की टीम ने मेजा के बैंकों में मॉकड्रिल कर कर्मचारियों को आग से बचाव के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस व मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रयागराज के आदेशानुसार बुधवार को फायर ब्रिगेड मेजा के प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मेजाखास व मेजारोड बैंक परिसर में मॉकड्रिल की गई।इसमें शार्ट सर्किट, गैस सिलिंडर व अन्य कारणों से लगने वाली आग से बचाव के अलग-अलग तरीकों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि जन जागरूकता ही सर्वश्रेष्ठ माध्यम है जिससे अग्नि दुर्घटनाओं से जानमाल की सर्वाधिक बचाव



मॉकड्रिल के दौरान उपस्थित कर्मचारी

किया जा सकता है। प्रभारी ने आगे कहा कि विभाग की ओर से बैंक कर्मियों के साथ-साथ आम लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाता है।इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मेजाखास के भारतीय स्टेट बैंक व मेजारोड के एचडीएफसी बैंक में मॉडड्रिल की। इस दौरान बैंक के कर्मचारियों को आग लगने पर बैंक में उपलब्ध प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों को कैसे चलाया जाता है, इसके बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, फायरमैन रामकुमार यादव और फायरमैन यशवंत यादव मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## आर्य समाज की ओर से घर-घर यज्ञ का आयोजन

**प्रयागराज।** आर्य समाज की ओर से घर-घर यज्ञ हर-घर यज्ञ आयोजित किया गया। इस अवसर पर आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में आचार्यों के सानिध्य में विधिविधान से यज्ञ में आहुतियां दी गई। आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री पंकज जायसवाल ने यज्ञ के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यज्ञ दिवस का आयोजन विश्व स्तर पर बढ़ते प्रदूषण को कम करके वातावरण को शुद्ध बनाना है। प्राचार्या डॉ. अर्चना पाठक, प्रधानाचार्या डॉ. सुधा रानी, पूर्व कमिश्नर आरएस वर्मा, डॉ. रमा सिंह, डॉ. कल्पना वर्मा, डॉ. रंजना त्रिपाठी, डॉ. ज्योति आदि मौजूद रहीं।

# थरवई में हुए सामूहिक हत्याकांड का हुआ खुलासा, महिला समेत सात गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिले के थरवई इलाके में हुए सामूहिक हत्याकांड का खुलासा करते हुए बुधवार तड़के पुलिस ने एक महिला समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थरवई के बढ़नपुर गांव में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गोली लग गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। गिरोह में बिहार और उत्तर प्रदेश के 13 बदमाश शामिल हैं, जिनमें दो महिलाएं भी हैं। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने दावा किया बदमाशों का यह गिरोह जिले में गोहरी हत्याकांड समेत कई सामूहिक हत्याकांडों को भी अंजाम दे चुका है। थरवई के खेवराजपुर गांव में 22 अप्रैल की रात एक ही परिवार के पांच लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच और अलग थानों की सात टीमों को लगाया गया था। मंगलवार शाम पुलिस को कुछ बदमाशों के थरवई में होने की सूचना मिली तो पुलिस ने पूरे इलाके में नाकेबंदी कर दी।



**आरोपियों से की जा रही है पूछताछ :** बुधवार तड़के तीन बजे बढ़नपुर गांव के पास पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से गोलियां चलीं। पुलिस की फायरिंग से कैमूर बिहार के रहने वाले तीन बदमाश नवल खरवार, रोहित खरवार और पीपी कुमार खरवार घायल हो गए। उनसे पूछताछ के बाद फाफामऊ के मोनू गौतम, भीम कुमार गौतम और उसकी पत्नी संगीता के साथ कैमूर के आकाश खरवार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि बदमाशों के गिरोह में उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ छह जिलों के 13 लोग शामिल हैं। इसमें दो महिलाएं भी हैं। छह फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ में गोहरी हत्याकांड समेत जिले के कई बड़े सामूहिक हत्याकांडों के खुलासे का भी दावा किया है।

**घर से मात्र 2100 मिलने पर लगा दी थी आग :** एसएसपी अजय कुमार के मुताबिक गिरोह में बेहद घिनौनी प्रवृत्ति के अपराधी शामिल हैं। आरोपियों ने न सिर्फ सामूहिक हत्याकांड को अंजाम दिया, बल्कि गोहरी और खेवराजपुर में महिलाओं की लाशों के साथ दुष्कर्म भी किया था। खेवराजपुर में जब सामूहिक हत्याकांड के बाद घर से जब उन्हें सिर्फ 2100 रुपये मिले तो बौखलाकर उन लोगों ने कमरे में आग लगा दी थी। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार के इनाम की घोषणा की है।गोहरी और खेवराजपुर के सामूहिक हत्याकांडों में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस खतरनाक गिरोह ने जिले में कई बड़े सामूहिक हत्याकांडों को अंजाम दिया था। प्रेम प्रकाश एडीजी, प्रयागराज जोन प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने पुलिस टीम की सफलता पर एक लाख के इनाम की घोषणा की है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण घटनाओं के खुलासे पर पुलिस टीम को बधाई भी दी।

## यूपी सरकार ने दाखिल किया हलनामा

**प्रयागराज।** दो साल से ज्यादा समय से सीतापुर जिला जेल में बंद सपा केवरिष्ठ नेता आजम खान को बुधवार को भी राहत नहीं मिली। बुधवार को जमानत याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि चीफ जस्टिस के आदेश पर बुधवार को दो मई के केस सुने गए जबकि चार मई को लगे केस की सुनवाई पांच मई को होनी है। यूपी सरकार ने इस प्रकरण में हलफनामा दाखिल कर दिया है। अब याचिका पर गुरुवार दोपहर बाद सुनवाई होगी और तब अदालत का निर्णय आएगा।आजम खां के खिलाफ विभिन्न आरोपों में 72 मुकदमे हैं। इनमें 71 मुकदमों में आजम को अदालतों से जमानत मिल चुकी है। एक मुकदमा शत्रु संपत्ति का है जिसमें जमानत के लिए आजम की तरफ से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

### शत्रु संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जे का है आरोप

यह मुकदमा तीन साल पहले 2019 में रामपुर जनपद के अजीमनगर थाने में लिखा गया था जिसमें पुलिस ने विवेचना कर चार्जशीट दायर की है। इस मुकदमे में आरोप है कि आजम ने शत्रु संपत्ति को अवैध रूप से कब्जे में लेकर जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल कर लिया। हाई कोर्ट में इस पर पिछले वर्ष दिसंबर में सुनवाई पूरी हो चुकी है और अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।मामले में पिछली सुनवाई को राज्य सरकार ने आजम खां की ओर से जमानत याचिका दाखिल होने के बाद हाई कोर्ट में अर्जी देकर कुछ और तथ्य प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा था। अदालत ने चार मई को सुनवाई की तारीख तय की थी मगर ईद के अवकाश की वजह से चीफ जस्टिस के आदेश के तहत दो मई के सभी केस की सुनवाई आज चार मई को हुई जबकि आज चार मई के सभी केस की सुनवाई कल पांच मई को होगी। प्रदेश सरकार की ओर से 29 अप्रैल को ही हलफनामा दाखिल किया जा चुका है। अब बृहस्पतिवार को आजम की जमानत याचिका पर सुनवाई होगी।

# डीएम पहुंचे दारागंज सीएचसी व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम दारागंज पहुंच गए। वहां उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। इसके बाद संजय खत्री ने इन्द्र धनुष मिशन के अन्तर्गत बच्चों/गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का फीता काटकर शुभारम्भ किया।



दारागंज सीएचसी का जायजा लेते जिलाधिकारी प्रयागराज

**बच्चों को पिलाई पोलियो वैक्सीन :**

शुभारम्भ के बाद वहां पर उपस्थित बच्चों को संजय खत्री ने पोलियों वैक्सीन का ड्राप भी पिलाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान ओपीडी के इम्प्रूवमेंट की जानकारी ली तथा मिशन इन्द्र धनुष में दी जाने वाली सारी दवाईयों को दिये जाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने वैक्सीनेशन कक्ष का निरीक्षण किया तथा रजिस्टर का भी निरीक्षण किया कि कितने लोगो को वैक्सीनेशन दिया गया। वार्डों के निरीक्षण में रजिस्टर में अंकित दवाओं को भी चेक किया। आइएलआर तथा तापमान यंत्र भी चेक किया कि काम कर रहा है कि नहीं। मुख्य चिकित्साधिकारी से सभी प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं को बनाये रखने तथा इसकी मानीटरिंग करते रहने के निर्देश दिए है।

## थाने में दुष्कर्म करने का आरोपी इंस्पेक्टर प्रयागराज में गिरफ्तार

**प्रयागराज।** ललितपुर जिले के पाली थाने के अंदर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज को बुधवार को धूमनगंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। ललितपुर से आई पुलिस टीम इंस्पेक्टर को ले गई। इससे पहले एडीजी जोन प्रेम प्रकाश ने अपने कार्यालय में इंस्पेक्टर से पूछताछ की। इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज पर ललितपुर थाने में दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोप है। मुकदमा दर्ज होने के बाद वह फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मोबाइल कॉल डीटेल्स से उसकी लोकेशन प्रयागराज में मिली थी। उसके यहां होने की सूचना पर ललितपुर से एक सीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम बुधवार को धूमनगंज पहुंची और आरोपी इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर लिया।इसके बाद तिलकधारी सरोज को एडीजी कार्यालय ले जाया गया। जहां एडीजी ने पूछताछ की। इसके बाद टीम उसे लेकर ललितपुर रवाना हो गई। सूत्रों के मुताबिक तिलकधारी सरोज यहां पर किसी वकील से कानूनी सलाह लेने के लिए आया था। उसने मोबाइल भी बंद कर लिया था, लेकिन पुलिस ने उसके दूसरे नंबर से उसकी लोकेशन पता कर ली।

# अरैल गंगा घाट पर डूब रहे पांच लोगों को जल पुलिस ने बचाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अरैल गंगा घाट पर बुधवार की सुबह स्नान करने गए पांच लोग गहरे पानी में डूबने लगे। यह देख वहां मौजूद जल पुलिस के सिपाहियों, गोताखोर ने घाट पर मौजूद घाटियों की मदद से सभी को सुरक्षित बचा लिया। यह सभी नैनी अपने रिश्तेदार के यहां आए हुए थे।सीधी मध्य प्रदेश की रहने वाली प्रियंका सिंह पत्नी राज नारायण सिंह अपनी पुत्री सेजल के साथ अरैल गांव निवासी अपनी बहन प्रतिभा सिंह पत्नी आनंद सिंह के यहां आई थी। वह सभी यहां पर आयोजित किसी कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। बुधवार की सुबह प्रतिभा सिंह अपने पुत्र प्रतीक व पुत्री स्वाति को लेकर प्रियंका सिंह उनकी पुत्री सेजल व बहन अलका पत्नी विकास सिंह के साथ अरैल गंगा घाट पर स्नान करने आई थी।जल पुलिस ने बताया कि गंगा घाट पर नहाते समय प्रियंका, उसकी पुत्री सेजल बहन अलका व प्रतिभा का बेटा प्रतीक ओर पुत्री स्वाति गहरे पानी में जाने के कारण



संगम में डूब रहे अस्नाथीयी के मौजूद परिजन

डूबने लगे। यह देख कर घाट के किनारे खड़ी प्रतिभा व घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। शोर सुनकर घाट पर तैनात जल पुलिस के सिपाही आनंद वर्धन सिंह संजय सिंह गोताखोर मनीष वह घाट पर मौजूद अखिलेश पांडेय, शिवकुमार मिश्रा, राजा बाबू मिश्रा व एक अन्य गंगा नहाने आये युवक ने उनको बचने के लिए नदी में छलांग लगा दी।सिपाही आनंद वर्धन सिंह ने बताया डूब रहे सभी पांचों लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। वही जानकारी पर उनके परिजन भी मौके पहुंच गए। और सभी को साथ लेकर वहां से चले गए। इस दौरान गोताखोर मनीष का मोबाइल नदी में कहीं गुम हो गया।

# नैनी में पांच फीट धंसी सड़क तो फंस गए ट्रकों के पहिए

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी प्रयागराज।** प्रयागराज तेजी से स्मार्ट सिटी की ओर अग्रसर है। विकास कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। सड़कें भी चकाचक हो रही हैं। वहीं दूसरी ओर ऐसी भी सड़कें हैं, जिन पर चलना खतरे से खाली नहीं है। मुनाफाखोरी और लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। इसका नमूना यमुनापार में नैनी की एक सड़क धंसने के बाद नजर आया।

**शुआट्स से मिशन अस्पताल जाने वाली रोड धंसी :** सोमवार की देर रात नैनी स्थित शुआट्स और मिशन हास्पिटल के बीच जाने वाली सड़क अचानक धंस गई। रात होने के कारण उधर से आवागमन कर रहे कुछ ट्रक भी इसमें फंस गए। बताते हैं कि भारी भरकम ट्रकों से गुजरने के कारण सड़क धंस गई और उसमें ट्रकों का पूरा पहिया समा गया। यह देख आसपास के रहने वाले लोग वहां पहुंचे और अन-?य वाहन सवारों को सड़क धंसने के प्रति आगाह किया।

**आवागमन हुआ प्रभावित...**



अचानक धंसी शुंआट्स से मिशन अस्पताल जाने वाली रोड का दृश्य।

**रात से लेकर सुबह तक आवागमन प्रभावित :** अचानक सड़क धंसने और ट्रक के उसमें फंसने के बाद अफरा तफरी का भी माहौल रहा। ट्रक चालक तो वाहन से कूदकर सुरक्षित बच गए लेकिन इसकी वजह से सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। रात का समय होने के कारण वहां से वाहन चालकों को किनारे से आगे भेजा गया। सुबह भी आवागमन प्रभावित रहा।

**सीवर लाइन बिछाने के बाद बनी थी सड़क :** स्थानीय लोगों का कहना है कि उपर से सड़क दिख रही है पर सड़क के नीचे की मिट्टी धंस चुकी है। ऐसे में इस मार्ग पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बोले कि सड़क ऊपर से देखने में सही थी पर अचानक धंस गई और देखने से पता चल रहा है कि सड़क के नीचे पांच से आठ फीट तक मिट्टी धंस चुकी है। सड़क धंसने के पीछे मुख्य वजह कुछ महीने पहले बिछाई गई सीवर लाइन को माना जा रहा है। सीवर लाइन बिछाने के बाद गड्ढों को ठीक से मिट्टी आदि से नहीं भरा गया और उस पर सड़क बना दी गई।

## खरकौनी की मुख्य सड़क बन चुकी हैं गंदे पानी का तालाब

**प्रयागराज।** नैनी के खरकौनी स्थित मोहल्ले में ले चलते हैं। यहां की मुख्य सड़क के साथ साथ जो लिंक गलियां हैं उनमें भी तीन से चार फीट के गड्ढे बने हुए हैं। हालात यह है कि सड़क पर हमेशा पानी भरा रहता है और बच्चों का स्कूल जाना दूभर हो गया है। सड़कों पर हमेशा जल जमाव होने से बीमारी फैलने का खतरा है। आश्चर्य की बात तो यह है कि 3 साल से इस क्षेत्र की सड़कों का यही हाल है और न तो इस क्षेत्र के बाशिंदों की नेता सुन रहे हैं और ना ही अधिकारी। दफ्तरों के चक्कर लगाकर थक चुके मेजा शुकुलपुर निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने इस क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया। बुधवार को उन्होंने यहां के 461 वाशिंदों का हस्ताक्षर किया हुआ ज्ञापन जिलाधिकारी संजय खत्री को सौंपा है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है और इस समस्या को जल्द दूर करने का आदेश दिया है।

## स्वर्गीय वशिष्ठ नारायण डिग्री कॉलेज में बांटा गया टेबलेट



डिग्री कालेज में स्मार्टफोन व टेबलेट वितरण कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**मेजारोड।** मेजा के कठौली गांव स्थित स्व वशिष्ठ नारायण शुक्ला डिग्री कॉलेज में स्मार्टफोन व टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। बता दें कि बुधवार को कालेज के प्रबंधक शशि कुमार शुक्ला की मौजूदगी में क्षेत्र पंचायत सदस्य सुषमा देवी पत्नी मनोज गौतम के द्वारा एम ए फाइनल वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किया गया। इस मौके पर शिक्षक ललित यादव, प्रदीप सिंह, महेंद्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# महिला से अभद्रता पर डीएम ने बैठाई जांच, मांगी रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** चकबंदी कार्यालय में कार्यरत महिला से अभद्रता के मामले में जिलाधिकारी ने जांच कमेटी गठित कर दी है। मामले की रिपोर्ट के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। चकबंदी कार्यालय में तैनात महिला कर्मचारी ने कार्यालय के बाबू पर अभद्रता का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उनपर हमेशा अभद्र टिप्पणी करते हैं। महिला कर्मचारी का कहना है कि 23 फरवरी 2019 से इस कार्यालय में काम कर रही हैं। दूसरे जिले से ट्रांसफर होकर आए एक कर्मचारी उन्हें लगातार परेशान करते हैं। उनके कार्यालय में आकर उनका उपहास उड़ाते हैं। अभद्र टिप्पणी करते हैं। मामले की शिकायत आला अधिकारियों से की गई, लेकिन किसी ने एक न सुनी। परेशान

### महिला आयोग को भी भेजा पत्र

महिला ने अपनी शिकायत राज्य महिला आयोग से भी की है। उनका कहना है कि अगर कहीं न्याय न मिला तो वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय में भी शिकायत करेंगी।

महिला ने पूर्व में कर्नलगंज थाने में भी तहरीर दी थी, जिसे दबाव बनाकर वापस कराया गया। महिला ने जब मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से शिकायत की तो विभागीय अफसरों ने उन्हें ही नोटिस दिया। हालांकि जब शिकायत जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची तो चकबंदी कार्यालय से मामले की लीपापोती होने लगी। डीएम कार्यालय को दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि मामला 2020 का है। दोनों पक्षों में उसी वक्त समझौता हो गया था। बाद में महिला का चकबंदी कार्यालय सदर और आरोपित का फूलपुर कार्यालय ट्रांसफर किया गया। आरोपित कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी की समस्या के कारण उन्हें अधिकारी की संस्तुति पर मम्फोर्डगंज कार्यालय ट्रांसफर किया गया। इस पर पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी को पुनः पत्र लिखकर विभागीय जांच पर असंतोष व्यक्त किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने परिवाद न्यायालय में इसे रेफर कर जिला स्तरीय जांच कमेटी से आख्या मांगी है। पूरे प्रकरण पर चकबंदी अधिकारी पुष्कर बाबू का कहना है कि मामला पुराना है, वर्तमान में दोनों कर्मचारी अलग-अलग दफ्तर में तैनात हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर कमेटी जांच कर रही है।

## एमएलएन मेडिकल कॉलेज में बढ़ेंगी पीजी की 41 सीटें

**प्रयागराज।** मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में मरीजों को अब ज्यादा बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी। कॉलेज के नौ विभागों में पीजी की 41 सीटें बढ़ने जा रही हैं। इसके लिए कॉलेज की ओर से शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। प्रस्ताव पर शासन की स्वीकृति मिलने के बाद एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) की टीम ने कॉलेज पहुंच कर सभी जरूरी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लिया है। एनएमसी की रिपोर्ट के आधार पर सीटें बढ़ाई जाएंगी। सीटों के बढ़ने से कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की संख्या में इजाफा होगा, जिसका सीधा लाभ मरीजों को मिलेगा।मेडिकल कॉलेज में पीजी की सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव पर शासन की मुहर लगने के बाद दो दिन पूर्व एनएमसी की टीम ने मेडिकल कॉलेज के चार विभागों का निरीक्षण किया था। इसकी रिपोर्ट सरकार को सौंपी जानी है। एनएमसी की टीम ने विभागों में सीटें बढ़ाने के लिए आवश्यक फैकल्टी, पढ़ाई के लिए सुविधाओं व आवश्यक उपकरणों की संख्या आदि की जांच की। कॉलेज प्रशासन का दावा है कि बचे हुए विभागों के लिए भी जल्द ही एनएमसी की एक अन्य टीम आने वाली है।मेडिकल कॉलेज में जिन विभागों में सीटें बढ़ाई जानी हैं, उनमें मुख्य रूप से मेडिसिन, सर्जरी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, आफ्थेल्मोलाजी, टीबी चेस्ट, रेडियोलॉजी, रेडियोथैरेपी और स्किन विभाग शामिल हैं। इसके पहले 2020 में 28 और 2021 में सात सीटें शासन की ओर से बढ़ाई गईं थीं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार मण्डल समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाअधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार मण्डल समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया है कि उद्योग बन्धुओं से सम्बंधित प्रकरणों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उद्योग बंधुओं से जुड़े प्रकरणों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। उन्होंने निवेश पोर्टल पर दर्ज आवेदन पत्रों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करने का निर्देश सभी सम्बंधित विभागों को दिया है। साथ ही साथ यह भी हिदायत दी कि निर्धारित समय सीमा के अंदर आवेदन पत्रों का निस्तारण न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने उद्योग बन्धुओं से प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जो भी प्रकरण लम्बित है, उसे सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निस्तारित कराने के निर्देश दिये है। उद्योग बन्धुओं के द्वारा मीटर रीडिंग में आ रही शिकायतों के सम्बंध में बताये जाने पर जिलाधिकारी ने एक सप्ताह



में अधीक्षण अभियंता विद्युत को नियमानुसार मीटर रीडिंग से सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए कहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने व्यापार मण्डल की बैठक की। व्यापारियों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सम्बंधित सभी विभागों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उसका निस्तारण अपने स्तर पर कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत भी अगर समस्याओं का निस्तारण न हो पाये, तो उसे उनके समक्ष प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग से सम्बंधित प्राप्त शिकायतों को तत्काल दूर कराने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम के अधिकारियों को पार्कों का मेंटीनेंस कराये जाने तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर एडीएम सिटी मदन कुमार, एस0पी0 सिटी, जीएमडीआईसी, डिप्टी डायरेक्टर वाणिज्यकर, जगदीश गुलाटी, अनिल अग्रवाल, मोहित नैय्यर, अनिल श्रीवास्तव सहित सम्बंधित विभाग तथा उद्योग बंधु एवं व्यापार मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे।

# परीक्षा पैटर्न में परिवर्तन होने से अभविप ने किया विरोध प्रदर्शन

## कुलसचिव को सम्बोधित ज्ञापन प्राचार्य को सौंपा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एमडीपीजी कालेज इकाई के नेतृत्व में सैकड़ों विद्यार्थियों ने कॉलेज गेट पर रज्जू भैया विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा पैटर्न में आकस्मिक परिवर्तन किये जाने के विरोध में नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सम्बोधित ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज मिश्रा को सौंपा।



प्राचार्य डा0 मनोज मिश्र को ज्ञापन देते अभविप पदाधिकारी।

कालेज इकाई मंत्री प्रशांत पांडेय ने कहा कि विगत दो वर्षो से देश भर में कोविड-19 के प्रकोप के कारण शैक्षणिक संस्थान बन्द रहे हैं। 2021 के अन्त में कोविड 19 के गाइड लाइन का पालन करते हुए महाविद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रारंभ किये गए जिससे विद्यार्थियों में खुसी का माहौल था। महाविद्यालय के सूचना अनुसार वर्ष 2021-22 में ग्रेजुएशन के प्रत्येक विषयों में कोई एक प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार के होने थे जिसके आधार पर विद्यार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, लेकिन परीक्षा के दिन अत्यंत निकट होने पर अचानक विश्वविद्यालय के जनसूचना अधिकारी द्वारा सभी विषयों की परीक्षा लिखित होने की सूचना दिए जाने से विद्यार्थियों में असंतोष व निराशा का भाव उतपन्न हो गया है। विद्यार्थियों का मानना है कि यदि लिखित परीक्षा प्रणाली अचानक अपनाई गई तो विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा की तैयारी के लिए समय बहुत कम मिलेगा और बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

तृप्ति सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा हजारों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए ही शैक्षिक फैसले लिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि विश्वविद्यालय अपने फैसले नही बदलती है तो विद्यार्थी आंदोलन को बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रान्त एसएफडी सहसंयोजक अनिकेत तिवारी, विभाग संयोजक सुधांशु रंजन मिश्रा, जिला संयोजक रमेश सिंह पटेल, सहसंयोजक अमरमणि मिश्रा, शशांक, अमित यादव, अनामिका सिंह, अंजलि, मुस्कान, गार्गी पांडेय, यशराज सिंह, अमित प्रजापति, अभिषेक मिश्रा, शिवम पांडेय, देवमणि पांडेय, शिवम तिवारी, आशुतोष केशरवानी आदि विद्यार्थी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संगठन में नौजवानों की होती है सक्रिय भागीदारीः योगेन्द्र

### व्यापार मण्डल के प्रदेश युवा महामंत्री का जिले में हुआ आगमन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश युवा महामंत्री योगेंद्र सिंह का प्रतापगढ़ में आगमन हुआ। इस अवसर पर युवा पदाधिकारियों ने बाबागंज में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें प्रदेश युवा महामंत्री श्री सिंह का जोरदार स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस दौरान प्रदेश युवा महामंत्री योगेंद्र सिंह ने कहा कि जिस संगठन में नौजवानों की भागीदारी सक्रिय होती है, वह संगठन सदैव ऊर्जावान व शक्तिशाली रहता है। उन्होंने युवा जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा व युवा नगर अध्यक्ष से अपील किया कि प्रतापगढ़ के प्रत्येक बाजारों व तहसील, कस्बे में युवा व्यापार मंडल का गठन करने के साथ व्यापारियों से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सार्थक प्रयास करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला वरिष्ठ महामंत्री अशोक सिंह,जिला कोषाध्यक्ष संदीप रावत, नगर कोषाध्यक्ष शरद केसरवानी युवा जिला अध्यक्ष पंकज मिश्रा, महामंत्री लोकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष घनश्याम कुमार वैश्य, कोषाध्यक्ष



योगेन्द्र सिंह का स्वागत करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

गोपाल केसरवानी, नगर अध्यक्ष तुषार खंडेलवाल, प्रशांत तिवारी, विवेक डूंगरा, मनीष नंदन, रंजन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## मारपीट व गालीगलौज को लेकर तीन के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ मंगलवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के सराय नरायन सिंह कोटिला निवासी रईस के पुत्र शाहिद अली ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो मई की शाम छः बजे पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने गालीगलौज शुरू की। विपक्षी गांव के मोनू उर्फ फारूख, मुन्ना तथा नन्हें पुत्रगण आबिद ने पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडे से लैस होकर उसके दरवाजे पर धावा बोल दिया। आरोपियो ने गालीगलौज का विरोध करने पर पीड़ित को मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## हरिहरमंदिर में मां विश्वमोहिनी व मां पीताम्बरा की प्रतिमा स्थापना का मना उत्सव

### भण्डारे मे उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली परिसर के समीप हरिहरमंदिरम् में मां विश्वमोहिनी व मां पीताम्बरा की प्रतिमा को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंगलवार को स्थापित किया गया। उसी उपलक्ष्य में बुधवार को श्रद्धालुओं ने भण्डारे का आयोजन किया।

नगर स्थित कोतवाली परिसर के समीप हरिहरमंदिरम में समाजसेवी चन्द्रिका प्रसाद मौर्य व उनकी पत्नी अनारकली ने मां विश्वमोहिनी व चन्द्रिका प्रसाद की पुत्री विजयलक्ष्मी व उनके पति कुष्माकर ने मां पीताम्बरा की भव्य प्रतिमा को वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य विधि-विधान से स्थापित कराया। देवी प्रतिमाओं की स्थापना पर मंगलवार की देर शाम हवन पूजन हुआ।

वहीं बुधवार को भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में हजारों श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थापना उत्सव में शामिल महिला श्रद्धालुओं ने देवी संकीर्तन से आध्यात्मिक वातावरण को गुंजायमान बनाये रखा। मंदिर परिसर मे दिन भर देवी मां के जयकारे भी गूंजते रहे। भण्डारे का संयोजन अधिवक्ता अजय कुमार मौर्य व युवा व्यापारी अनिल कुमार, विजय कुमार तथा संजय कुमार ने किया। इस मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति के पं. रामचंद्र शुक्ल, पं. अशोक तिवारी, लाल साहब, पं. शम्भूनाथ शुक्ल, जमुना तिवारी आदि रहे।

# कम्पोजिट ग्रान्ट में चार साल से कोई कार्य न कराये जाने पर प्रधानाध्यापक निलम्बित

## बीएसए ने मानधाता क्षेत्र के कई प्रा0 विद्यालयों का किया निरीक्षण, मांगा स्पष्टीकरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बुधवार को कई प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षकों के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा अग्रिम आदेशों तक वेतन पर रोक लगाई गई।

सुबह 8.07 बजे प्राथमिक विद्यालय खुशहालगंज पनियारी मानधाता का बीएसए ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में स0अ0 वंदना पाल, स0अ0 मोनिका, शिक्षामित्र संगीता सिंह बिना सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित रहीं जिनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सुबह 8.22 बजे कम्पोजिट स्कूल सहिजनपुर मानधाता का



प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह

निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में स0अ0 रंजीत कुमार बिना सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित रहीं जिनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सुबह 8.44 बजे प्रा0 वि0 लाखापुर मानधाता का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में स0अ0 उमेश चंद्र दुबे बिना सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित रहीं जिनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सुबह 8.55 बजे कम्पोजिट स्कूल सुबरनी मानधाता का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में स0अ0 सुरेन्द्र प्रकाश तिवारी, स0अ0 नीलेश प्रताप सिंह व शिक्षामित्र मनीसुर्रहमान बिना सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित रहीं जिनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सुबह 9.14 बजे प्रा0 वि0 बहरापुर मानधाता का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में स0अ0 बृजेश कुमार व शिक्षामित्र पूनम पाण्डेय बिना सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित रहीं। विद्यालय में बच्चो की उपस्थिति शून्य पाये जाने पर वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाई गई तथा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सुबह 11.18 बजे प्रा0 वि0 ऐजका मानधाता का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्र0अ0 सभापति 30 अप्रैल 2022 से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे। विद्यालय का कोई भी अभिलेख विद्यालय में नहीं मिला। इस दौरान सभापति को नियमित रुप से विद्यालय न आने, कम्पोजिट ग्रान्ट से पिछले चार से पांच सालों में कोई कार्य न कराये जाने एवं अन्य आरोपों में तीन सदस्यीय समिति गठित कर इनका निलम्बन किया गया।

## आरोपी ने युवक को अगवा कर कोल्ड स्टोर में की पिटाई, पुलिस को दी गई तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत पहलमापुर गांव का रहने वाला आलोक बनवासी आसपुर देवसरा थाने पहुंचा। शिकायती पत्र देकर उसने बताया कि विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चे का कार्यकर्ता बनाया गया था, इसलिए उसने मौजूदा कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पक्ष में गीत गाया था। विधानसभा चुनाव के दौरान से उसके गांव का एक व्यक्ति उसके इसी गीत से नफरत करता था उसने गीत न गाने की हिदायत दिया धमकी भी दिया । लेकिन पूरे विधानसभा में युवक प्रचार करता रहा।

पीड़ित आलोक ने बताया कि बीते 27 अप्रैल को आरोपी अपने साथियों के साथ उसे पकड़ कर आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत विनैका गांव के कोल्ड स्टोर में ले गया और उसे लात घुसा से जमकर मारा पीटा जिससे उसे काफी चोटें आई उसने मां बहन की गाली दे रहा था।

शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी, लेकिन मंगलवार को उसके घर पर रेकी करते हुए कुछ लोग दिखाई दिये जिससे परेशान होकर उसने अपनी जान माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आसपुर देवसरा थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि उसके साथ कभी भी कोई अनहोनी घटना कर सकती है। उसने बताया कि आरोपी दबंगों किस्म का है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, अपनी ननिहाल गया था मृतक युवक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ननिहाल गए युवक की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। रात भर उसका शव मृत अवस्था मे ही पड़ा रहा। सुबह ननिहाल के लोगों ने देखा तो रोने बिलखने लगे। सुबह परिजनों को सूचना दी गई तो शव को घर लाया गया। वहां से प्रयागराज अंतिम संस्कार के लिए परिजन शव को लेकर गए।पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत चक मझानीपुर गांव का रहने वाला मनोज पांडे ने दो शादी कर रखी है वह दूसरी बीवी के साथ गुजरात के सूरत शहर में रहता है। पहले पत्नी का मायका जेठवारा थाना अंतर्गत डेरवा बाजार में है। जिसका बेटा मिथलेश दिल्ली में नौकरी करता है। इन दिनों मिथिलेश अपने गांव चक मझानीपुर आया था। मंगलवार की शाम को वह अपने ननिहाल डेरवा बाजार गया था। बताते हैं कि रात के समय वह एक कमरे में लेटा था तभी पंखे का प्लक लगाते समय वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई रात भर उसका शव कमरे में पड़ा रहा। सुबह परिजन उसे जगाने के लिए गए तो उसे जमीन पर पड़ा देखकर हैरान रह गए उसे अस्पताल लेकर भागे लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी वही उसकी मां को सूचना देने पर वह बिलखने लगी। घर का इकलौता चिराग होने से परिजनों में कोहराम मच गया उसकी माँ का रो रो कर बुरा हाल है।

## एलईडी मोबाइल वैन को सीडीओ ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत मिशन की उपलब्धियों एवं योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूकता का विस्तार करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया द्वारा विकास भवन परिसर में एल0ई0डी0 मोबाइल वैन व नुक्कड़ नाटक टीम को प्रचार प्रसार के लिये हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस एल0ई0डी0 मोबाइल वैन व नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा सदर, पट्टी, चिलबिला, रानीगज, लालगंज अझारा, जेठवारा, कुण्डा एवं मानिकपुर, प्रतापगढ़ के आदि स्थानों पर उ0प्र0 कौशल विकास मिशन की उपलब्धियों एवं



एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवानाक करतीं सीडीओ ईशा प्रिया

योजनाओं के सम्बन्ध में जनमानस में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। कार्यक्रम में जिला समन्वयक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन दिनेश कुमार चैरसिया, जिला प्रबन्धक वन्दना सिंह एवं मृत्युंजय पाण्डेय व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के समस्त स्टाफ आदि लोग मौजूद रहे।

## बाबा घुइसरनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था हुई अब और पुख्ता, एसपी ने लिया जायजा

### एक दरोगा व चार आरक्षी की हुई तैनाती

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना का प्रस्ताव अमल मे दिखने लगा है। जिले के एसपी सतपाल अंतिल ने मंगलवार की शाम बाबा धाम में पहुंचकर चैकी के संचालन को लेकर विधिवत निरीक्षण किया।

एसपी ने बाबा धाम मे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभाव से एक एसआई व चार आरक्षियों की तैनाती का भी फरमान जारी किया है। निरीक्षण के दौरान एसपी सतपाल अंतिल ने अस्थायी पुलिस चैकी के संचालन के लिए एसआई राजेन्द्र कुमार व चार आरक्षियों को बाबा धाम की सुरक्षा के लिए तैनाती के आदेश दिये हैं।

सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि एक एसआई व चार आरक्षी बाबा धाम में तैनात रहकर मंदिर परिसर तथा आस पास के क्षेत्रों की सुरक्षा का दायित्व निभायेंगे। वहीं एसपी सतपाल अंतिल ने सांगीपुर एसओ को स्थायी चैकी को लेकर शीघ्र आवश्यक विभागीय कार्रवाई पूरी कराये जाने के निर्देश दिये। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा गृह विभाग एवं सम्बन्धित अफसरों को घुइसरनाथ धाम में स्थायी पुलिस चैकी की स्थापना कराये जाने का पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है। विधायक के प्रस्ताव के तहत जिले के एसपी द्वारा बाबा धाम में हुये स्थलीय निरीक्षण से शीघ्र स्थायी पुलिस चैकी के संचालन की आस जगी है।

### अज्ञात बदमाशों ने प्रधानाचार्य को मारपीट कर बाइक छीनी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत सैलखा गांव का रहने वाले फूल चंद पुत्र संतलाल पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के बल्दीराय थाना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय डीह सुंदरा में प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत हैं। वह मंगलवार की शाम लगभग आठ बजे अपने बाइक अपाची से दाउदपुर बाजार गया था। वहां से लौटते समय जैसे ही वह दाउदपुर स्थित कोल्ड स्टोर के पास पहुंचा सुनसान स्थान देखकर तीन बदमाश हेलमेट लगाकर उसका रास्ता रोक लिए और उसे मारपीट करके जख्मी कर दिया। उसके बाद एक बदमाश ने उसकी बाइक लेकर दोनों बदमाशों को बैठा कर वहां से फरार हो गया।

## टीन शेड उठाकर किराने की दुकान से हजारों की चोरी, नगदी व सामान उठा ले गए चोर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** किराने की दुकान के टीन शेड को उठा कर के किराने की दुकान में दाखिल हुए चोरों ने हजारों रुपए का माल तथा नगदी उठा ले गए। सुबह दुकान खोलने के लिए जब दुकानदार आया और दुकान खोला तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गया। उसने मामले की तहरीर आसपुर देवसरा थाने में देकर मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत किया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत केतकरपुर गांव के रहने वाले जयराम यादव ने नारंगपुर बाजार के समीप किराने की दुकान खोल रखी है। उसी से पूरे परिवार की रोजी-रोटी चलती है दुकान में पीछे की तरफ टीन शेड लगा हुआ था। रोज की तरह जयराम ने मंगलवार की शाम को दुकान बंद किया और घर चला गया। रात में अज्ञात चोरों ने टीन शेड हटाकर के दुकान के अंदर दाखिल हुए और 7500 रुपए नकद तथा 25000 रुपये का किराने का सामान तथा अन्य कीमती सामान उठा ले गए। सुबह दुकान खोलने के लिए जब जयराम दुकान पर पहुंचा और उसने शटर उठाया तो अंदर का नजारा देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। और नकदी व कीमती सामान गायब थे। तब तक काफी लोग वहां पर इकट्ठा हो गए पीड़ित दुकानदार ने आसपुर देवसरा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है वहीं पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

### अपना दल एस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

**प्रतापगढ़।** अपना दल के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजकुमार पाल का प्रथम आगमन पर पांच मई को जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। लालगंज, सगरा सुन्दर पुर ,मोहनगंज, कटरा चैराहा, देवकली लान सहित विभिन्न जगहों पर पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों तथा समर्थकों द्वारा होगा स्वागत होगा। इस दौरान शहर में स्थापित महापुरुषों के प्रतिमा पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष माल्यार्पण करेंगे तत्पश्चात पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे। यह जानकारी पार्टी के विधि मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य परमानंद मिश्रा ने दी।

## खबर संक्षेप

### पीडब्लूडी गेस्ट हाउस मंझनपुर में आज होगी महिला जनसुनवाई

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जनपद कौशाम्बी में सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग सुश्री उशारानी दिनांक 05 मई 2022 को पूर्वाह्न 11 बजे से लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस मंझनपुर, में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई करेंगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम ने दी है।

# कमरे में सो रहे थे मां बेटे, मां की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### मायके के लोगों ने लगाया हत्या का आरोप पति का मानना है कि विद्युत करंट से हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मीरापुर गांव के मजरा में घर के भीतर कमरे में मां बेटा सो रहे थे संदिग्ध परिस्थितियों में मां की मौत हो गई है सुबह बेटे ने दरवाजा खोला है तब परिजन घर के भीतर दाखिल हुए हैं मौके पर विद्युत तार टूट कर झूल रही थी पुलिस का मानना है कि विद्युत करंट की चपेट में आने से मां की मौत हुई है सूचना विवाहिता के मायके के लोगों को मिली है सूचना पाकर मौके पर विवाहिता के मायके के लोग पहुंच गए हैं मामले की सूचना मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी गई है घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बंधवा रजबर मजरा बभन पुरवा निवासी राम सजीवन लोधी पुत्र बच्चा लाल की लड़की शांति देवी की शादी वीरेंद्र कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी ट्रेनी मोड़ मीरापुर थाना मंझनपुर के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ 9 वर्षो पूर्व हुई थी इसी दौरान दोनों के संसर्ग से एक लड़के का जन्म हुआ कुछ दिन बाद दूसरी बच्ची का जन्म हुआ। इसके बाद पति-पत्नी में मनमुटाव चलने लगा बुधवार की भोर में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई है विवाहिता की मौत के बाद उसके मायके पक्ष के लोगों का आरोप है कि पति ससुर सास दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे इसी समय तीसरी बार विवाहिता 6 माह की गर्भवती हो गई आरोप है कि 4 मई की भोर 4:00 बजे विवाहिता को पति वीरेंद्र कुमार ससुर बाबूलाल सास नन्द ने गला दबाकर हत्या कर दिया। मायके पक्ष को बिना सूचना दिए शव का दाह संस्कार करने की रस्म अदा कर रहे थे। इसी दौरान गांव के किसी व्यक्ति ने मायके पक्ष को घटना की जानकारी दिया। मौके पर पिता राम सजीवन लोधी पहुँचे मामले की सूचना मृतका के पिता ने पुलिस को दिया। घटना की सूचना पर मंझनपुर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गयी वहीं पर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर कृष्ण नारायण भी घटना स्थल पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। उधर मृतका के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# नाबालिग रेप पीड़िता से रेप के आरोपी थानेदार बसपा मंत्री के रहे खास

### आरोपी थानेदार तिलक धारी कौशांबी जिले के बेहन पुरवा विजिया चौराहे के हैं निवासी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ललितपुर जिले मे 13 वर्षीय बालिका के साथ थाने के अंदर रेप करने के आरोपी थानेदार तिलक धारी कौशांबी जिले के बेहन पुरवा विजिया चौराहा के रहने वाले हैं बहुजन समाज पार्टी की सरकार में एक कबीना मंत्री के यह थानेदार बहुत खासम खास रहे कबीना मंत्री ने इन दिनों बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है नाबालिग बालिका के साथ रेप के आरोपी थानेदार को प्रयागराज से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जैसे ही आरोपी दरोगा की गिरफ्तारी की जानकारी उनके गांव बेहन पुरवा में पहुंची पूरे परिवार में हड़कंप मच गया है। ललितपुर जिले के पाली थाने में नाबालिंग बालिका के साथ रेप की घटना के आरोपी थाना इंचार्ज तिलक धारी मुकदमा दर्ज होते ही फरार हो गए थे और वह ललितपुर से भागकर कौशांबी पहुंचे उसके बाद हाई कोर्ट में मुकदमा दाखिल करने के लिए थानेदार पहुंचे थे कि प्रयागराज की पुलिस को आरोपी थानेदार की लोकेशन हाईकोर्ट की जानकारी मिल गई और प्रयागराज की पुलिस ने रेप के आरोपी थानेदार तिलकधारी को गिरफ्तार कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### कन्याओं की शादी में ब्राह्मण एकता परिषद ने बढ़ाया मदद को हाथ



**विजिया चौराहा कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के मढ़ी गाँव निवासी नरेन्द्र मिश्रा की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है उनकी दोनों कन्याओं की शादी 09 मई को होनी है जिसकी जानकारी अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद कौशाम्बी के पदाधिकारियों को हुई जिस पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारियों को नरेंद्र मिश्र ने जानकारी दिया इस कार्य को संगठन ने हाथो हाथ लिया बैठक करके ब्राम्हण समाज के लोगो से मिलकर नरेंद्र के घर पहुचकर आर्थिक मदद में 51100 रुपये दिया व संगठन के सदस्य अभय चतुवेर्दी के द्वारा 2 अलमारी, व संगठन के सदस्य कृष्णकुमार दिवेदी के द्वारा शादी में खाना,नाश्ता व दोनों लड़कियों को बक्शा, व मनोज पाण्डेय के द्वारा तिलक की सामग्री फल,मेवा इत्यादि,व शिवबाबू तिवारी के द्वारा फर्नीचर का समान दिया गया इसके पहले भी ब्राम्हण संगठन ने ढोसकाहा गांव में एक कैसर पीड़ित मेढे ब्राम्हण की तेरहवी का पूरा खर्च संगठन द्वारा किया गया था और सोंधिया में एक पुरोहित पंडित को गोली लगी थी जिसमे उनके इलाज करवाने का कार्य भी अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद कौशाम्बी ने किया था यह संगठन निरंतर ब्राम्हण समाज के हित के लिए कार्य मे लगा रहता है इस संगठन की सराहना पूरे जनपद ही नही बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में हो रही है

### सीओ के साथ इंस्पेक्टर ने किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** ईद के पर्व पर सीओ मंझनपुर के साथ इंस्पेक्टर ने कस्बे का भ्रमण कर त्यौहार का जायजा लिया क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर वा समस्त चौकी प्रभारी ने कस्बा क्षेत्र में पैदल गस्त करके ईद त्यौहार परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया त्यौहार के उपलक्ष में भ्रमण किया। पैदल भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी और कोतवाल ने मस्जिद ईदगाह का भ्रमण किया और मौलवी से बात कर शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील किया।

### नहरी व अन्य सिंचाई संसाधनों के निर्माण से 21.37 लाख हे0 भूमि की सिंचन क्षमता में हुई वृद्धि

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग किसानों को फसलों की सिंचाई हेतु भरपूर पानी मुहैया करा रहा है। नहरे प्रदेश के कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए नहरें अमूल्य निधि है। फसलों की सिंचाई के संसाधनों में नहरों से सिंचाई को सबसे अच्छा साधन माना गया है। नहर प्रणाली से कई लाभ होते हैं। नहरों के पानी से धरती में वाटर रिचार्ज होता रहता है। पशु-पक्षियों, वन्य जीवों को पीने का पानी मिलता रहता है। नहरों के किनारे वृक्षारोपण कर वनाच्छादन बढ़ाया जाता है। मछली व अन्य जलीय जीवों की संख्या में वृद्धि होती है। तालाब, पोखरों में पानी भरा जाता है। किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलता है। इसीलिए विभिन्न लाभों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नहरों के सुधार, निर्माण सहित वांछित जल भण्डारण हेतु बांधों के निर्माण पर विशेष बल दिया है।



नव युवको को प्रशिक्षण देते अग्नि शमन अधिकारी

### अग्नि से बचाव के संबंध में दिए जा रहे प्रशिक्षण

**कौशांबी।** अग्नि से बचाव और अग्नि लगने पर कैसे उस पर काबू पाया जाए इसके तौर-तरीके पर बचाव के लिए अग्निशमन विभाग द्वारा नवयुवकों को प्रशिक्षण शुरू कर दिया है जिले के सरसवा नेवादा और कौशांबी विकासखंड क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र के अधिकारियों के द्वारा नवयुवकों को अग्नि से बचाव और अग्नि बुझाने के तरीकों का 7 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है तीनों विकासखंड में सात सात दिनों तक नव युवकों को अग्नि विभाग से संबंधित तमाम योजनाओं से प्रशिक्षित किया जाएगा अग्निशमन विभाग द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण का आज पहला दिन था ऊपर के मंजिल में यदि गैस सिलेंडर से आग लगी है तो कैसे बुलाया जाएगा भीड़ में यदि आग लग गई है तो उसे कैसे बुलाया जाएगा अग्नि बुझाने के तमाम तरीकों पर नव युवकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी और परीक्षाओं में सफल नवयुवकों को अग्निशमन विभाग द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा इस मौके पर पश्चिम शरीरा फायर स्टेशन प्रभारी अशोक कुमार यादव कांस्टेबल दीपक कुमार यादव शमशेर अली विपिन पांडेय गुरुप्रसाद आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# सैनी कोतवाली क्षेत्र में एक रात में कई घरों में हुई चोरी

### दीवार तोड़कर नगदी जेवर सहित लाखों का माल उठा ले गए चोर

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांव में कई घरों में एक ही रात में चोरी की घटनाओं को बेखौफ चोरों ने अंजाम देकर लाखों का माल पार कर दिया है मामले की सूचना भुक्तभोगियो ने स्थानीय पुलिस को दी है बेखौफ चोरी की घटनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के खड़गपुर गांव में घर की पक्की दीवाल तोड़कर घर मे घुसे चोरों ने घर की आलमारी व बक्से को तोड़कर साढ़े तीन लाख नकदी समेत सोने चांदी के गहने पार कर दिया है घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

घटनाक्रम के मुताबिक वीरेन्द्र कुमार के घर बीती रात चोरों ने घटना को अंजाम दिया है घर में दीवार तोड़कर घुसे चोरों ने लाखों के जेवर नकदी पार कर दिया है गांव में नौटंकी की तेज आवाज का फायदा उठाकर



चोरी की घटना के बाद मौके पर लगी भीड़

चोर लाखों का माल उठा ले जाने में कामयाब हो गए हैं नौटंकी की तेज आवाज के चलते घर में तोड़फोड़ की जानकारी परिजनों को रात में नहीं हो सकी हैं परिजनों को मामले की जानकारी सुबह मिली है।

बुधवार की सुबह जब गृहस्वामी उठे तो देखा कि आलमारी और बक्से का ताला तोड़कर आधी रात को चोर सामान उठा ले गए हैं घर का हाल देख कर परिजनों के होश उड़ गए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है घर में चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इसी तरह नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग के वार्ड नं 4 मढिया मई में पक्की दीवाल काटकर चोरों ने आटा तेल चक्की में धावा मारा पीड़ित उमाशंकर साहू के अनुसार अज्ञात चोरों ने गल्ला में रखे 1200 रु नकदी 60 लीटर तेल का टीन और डायरी में रखे कुछ रुपये उठा ले गए हैं कुछ सामान बाहर फेंककर फरार हो गए। इसी तरह सैनी कोतवाली क्षेत्र के भैरायें ग्राम सभा के शिव भवन पुत्र दिरपाल रैदास के घर चोरों ने दीवाल काटकर चोरी का प्रयास किया किंतु ग्रामीणों की जगहट से चोर अपने मंसूबे में सफल नही हो सके सूचना पाकर सैनी पुलिस मौके पर पहुँची और घटना की बारीकी से जांच में जुटी है खबर लिखे जाने तक घटना के खुलासे में पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।

# सीएम से लेकर डीएम का फरमान बेअसर नदारत रहें चिकित्सक

### संयुक्त जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की तलाश में भटकते रहें मरीज,दो घण्टे बाद भी नहीं पहुंचे डॉक्टर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारे जाने के लिए मुख्यमंत्री से लेकर जिला अधिकारी बार-बार कठोर निर्देश जारी कर रहे हैं लेकिन लापरवाह चिकित्सकों पर सीएम डीएम के निर्देश का तनिक भी असर नहीं दिखाई पड़ रहा है जिसका खामियाजा मरीज भुगत रहे हैं सीएमएस से गठजोड़ के चलते डीएम के फरमान को भी चिकित्सकों ने सिरे से नकार दिया है। सोमवार को डीएम सुजीत कुमार ने चिकित्सको को तैनाती स्थल में रात्रि निवास का निर्देश दिया था। लेकिन दर्जनों चिकित्सक रात्रि निवास तो दूर समय से अस्पताल पहुंचने से भी गुरेज कर रहें है बुधवार को मरीज डॉक्टरों के कक्ष के बाहर इंतजार कर रहें थे। लेकिन दस बजे तक महज दो चिकित्सक ही अस्पताल में पहुंचे थे लापरवाही का आलम यह दिखा कि सीएमएस खुद अपने कक्ष से नदारत थे। सोमवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने टास्क



चिकित्सको का इंतजार करते मरीज

फोर्स की बैठक में सभी अफसरों व चिकित्सकों को तैनाती स्थल में ही रात्रि निवास का फरमान दिया था। लेकिन मंझनपुर जिला अस्पताल के चिकित्सकों पर डीएम के निर्देश का भी कोई असर नहीं दिख रहा है। बुधवार सुबह 10 बजे सैकड़ों मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल में डॉक्टरों का इंतजार कर रहें। लेकिन अस्पताल में केवल एक बाल रोग विशेषज्ञ ही मौजूद था। फिजीशयन,महिला रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग चिकित्सक, नाक,कान,सर्जन सहित सभी चिकित्सकों के रूम खाली पड़े थे। सैकड़ों मरीज इलाज के लिए चिकित्सकों के कक्ष के बाहर इंतजार कर रहे थे। लेकिन एक बाल रोग चिकित्सक के अलावा सभी चिकित्सकों की कुर्सी खाली पड़ी थी। आरोप है कि ज्यादातर चिकित्सक प्रयागराज से आते है। इससे 11 बजे के पहले अस्पताल नहीं पहुँचते है। जबकि भीषण गर्मी के चलते शासन ने सुबह 8 से 2 बजे तक डॉक्टरों के बैठने का टाइम निर्धारित कर रखा है। लोगों का कहना है कि चिकित्सकों के आने का टाइम तो नहीं फिक्स है लेकिन 2 बजते ही चिकित्सक उठकर चल देते हैं। सूत्रों की माने तो अस्पताल में यही हाल रोज बना रहता है। अधिकांश चिकित्सकों हफ्ते में दो दिन ही आते है। कई एक दिन में ही महीने भर की हाजरी लगाकर गायब हो जाते है जिला अस्पताल के लापरवाह चिकित्सकों पर डीएम से लेकर सीएम तक के आदेश का असर नहीं पड़ रहा है।

### दो वारण्टी अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त चुकरी लाल पुत्र जगत पाल निवासी बड़ा गढ़वा थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त पंकज पाठक पुत्र ननकू पाठक निवासी इच्छना थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों उल्लघन करने वाले 122 वाहनों का ई चालान किया गया।

# 12 से 27 मई तक संचालित किया जायेगा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

### घर-घर जाकर फाइलेरिया की निःशुल्क दवा होगी वितरित

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नोडल अधिकारी वेक्टरबार्न डिजीज डॉ0 डी0एस0 यादव ने बताया कि शासन द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 12 मई से 27 मई तक संचालित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया की दवा-आइवर्मेक्टिन, डी0ई0सी0 व अल्बेन्डाजोल निःशुल्क दी जायेगी। यह दवा फाइलेरिया के परिजीवियों को मार देती है और हाथीपॉव जैसे बीमारियों से बचाने में मदद करती है। यह दवा पेट के अन्य खतरनाक कीड़ों को भी खत्म करती है। उन्होंने बताया कि 02 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गम्भीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों के अलावा यह दवा सभी को खानी है। यह दवा उम्र एवं ऊंचाई के आधार पर दी जायेगी, यह दवा खाली पेट नहीं खानी है। दवा स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही खाना जरूरी है। मरते हुए परजीवियों के प्रतिक्रिया स्वरूप कभी-कभी सरदर्द, शरीर में दर्द, बुखार, उल्टी, तथा बदन पर चकत्ते एवं खुजली जैसी मामूली प्रतिक्रियाए देखने को मिलती हैं, घबरायें नहीं आमतौर पर ये लक्षण स्वतः ही ठीक हो जाते हैं। नोडल अधिकारी वेक्टरबार्न डिजीज ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है, जिसे सामान्यतयः हाथीपॉव के नाम से जाना जाता है। मच्छर के अन्दर फाइलेरिया रोग के परजीवी पनपते है। यह बीमारी प्रायः बचपन में ही प्रारम्भ हो जाती है और इसके दुष्परिणाम कई वर्षों बाद देखने को मिलते है। शुरूआत में फाइलेरिया बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिखते है और एक संक्रमित व्यक्ति दूसरे स्वस्थ्य व्यक्ति को बिना कोई बाहरी लक्षण दिखे संक्रमित करता रहता है, एक सर्वे में फाइलेरिया प्रभावित जनपदों के 13 प्रतिशत स्कूल जाने वाले बच्चों में भी इस रोग का संक्रमण पाया गया है, जिससे इन बच्चों की शारीरिक कार्य क्षमता दिन प्रतिदिन कम होती जाती है और बाद में यही बच्चे अक्सर खेल कूद एवं अन्य गतिविधियों में पीछे रह जाते है। फाइलेरिया बीमारी से हाथ, पैर, स्तन योनी और अण्डकोष में सूजन पैदा हो जाती है। सूजन कारण फाइलेरिया प्रभावित अंग भारी हो जाता है और विकलांगता जैसी स्थिति बन जाती है और प्रभावित व्यक्ति का जीवन अत्यन्त कष्टदायक और कठिन हो जाता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है इसका कोई भी सफल इलाज नहीं है। इस बीमारी से बचाव हेतु वर्ष में एक बार दवा खाना जरूरी है। यह दवा प्रत्येक वर्ष सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य कर्मी द्वारा घर-घर जाकर मुफ्त में खिलाई जाती है। यह दवा खाना खाने के बाद और स्वास्थ्यकर्मी के सामने खानी है। यह दवा 2 वर्ष से कम बच्चों, गर्भवती माताओ और अत्यन्त गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को नहीं खानी है, जो लोग उच्च रक्त चाप, मधुमेह, अर्थराइटिस रोग की दवा का सेवन कर रहे है, वह भी दवा का सेवन अवश्य करें। सामान्य लोगों में, जिनके शरीर में फाइलेरिया रोग के कीटाणु नहीं है, दवा सेवन से कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। दवा के सेवन से जब शरीर में फाइलेरिया कृमि मरते हैं तो बुखार, खुजली, उल्टी जैसे लक्षण सकते हैं, जो स्वतः 3-4 घण्टे में समाप्त हो जाते है। इस लक्षण के होने पर सामान्य में इलाज किया जा सकता है, घबराने की जरूरत नहीं है। हाइड्रोसील का इलाज संभव है इसके मुफ्त आपरेशन की सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल पर उपलब्ध है।

# शिक्षकों की लापरवाही से छात्रा की मौत

### हैंडपंप में पानी पीने के दौरान विद्युत करंट की चपेट में आई स्कूली छात्रा की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशाम्बी।** सरकारी स्कूल के शिक्षकों की लापरवाही के चलते स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है खबर लिखे जाने तक लापरवाह शिक्षकों पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निलंबन की कार्यवाही नहीं की है जिससे शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भी मंशा पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के अहरारा ग्राम पंचायत के सरकारी स्कूल में हनी उम्र 3 वर्ष पुत्री अमर सिंह शिक्षा ग्रहण कर रही थी प्रतिदिन की तरह वह बुधवार को भी स्कूल शिक्षा ग्रहण करने गयी थी स्कूल में पानी की व्यवस्था ना होने से स्कूली छात्रा हनी हैंडपंप पर पानी पीने के लिए चली गई पानी पीने के लिए हनी ने जैसे ही हैंडपंप चलाना शुरू किया उसमें पहले से विद्युत करंट उतरा हुआ था बिधुत करंट की चपेट में आने से हनी चक्कर खाकर जमीन पर गिर पड़ी आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में छात्रा हनी की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है रोते बिलखते परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए हैं मामले की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए जाने के बाद भी स्कूली छात्रा की मौत के जिम्मेदार स्कूल के दोषी शिक्षकों पर कार्यवाही नहीं हुई है



**लाखों खर्च किए जाने के बाद व्यवस्था चौपट :**

**करारी कौशांबी।** सरकारी स्कूल में लाखों रुपए की रकम खर्च किए जाने के बाद भी व्यवस्था चौपट हैं मिड डे मील सेट और बच्चों को भोजन के बाद पानी पीने की व्यवस्था के लिए पानी की टंकियां लगाई गई हैं लेकिन लापरवाह शिक्षकों और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते स्कूल में बच्चों को टंकी से पानी नहीं मिल पाता है पानी पीने की व्यवस्था पूरी तरह से स्कूल में चौपट है इसका जिम्मेदार कौन है यदि अहरारा स्कूल में पानी पीने की व्यवस्था पर्याप्त बनाई गई होती तो विद्युत करंट की चपेट में आने से छात्रा हनी की मौत नहीं हुई होती।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 14 अभियक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से 02 थाना महेवाघाट से 04 थाना कोखराज से 08 कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त सुभाष पुत्र देवनाथ निवासी भटपुरवा थाना कोखराज गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### गांजा के साथ अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दिलशाद पुत्र रफीक निवासी टेवा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 550 ग्राम नाजायाज गांजा बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# गर्मी में बढ़ी पानी की किल्लत लोगों में हो रही मारामारी

### मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गोबर सहाई गांव में पानी के विवाद में विवाहिता से मारपीट

### विकास भवन के अधिकारी पंचायत सचिव और ग्राम प्रधानों पर अंकुश लगाने में हुए असफल

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** गर्मी के महीने में फिर पानी की किल्लत शुरू हो गई है पानी के लिए गांव गांव मारामारी मची है लेकिन विकास भवन के अधिकारी कुंभकरण की नींद में सो रहे हैं ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान हैंडपंप की मरम्मत के नाम पर सरकारी खजाने को लूट रहे हैं गांव के हैंडपंप ठीक नहीं हो रहे हैं जिससे तमाम गांव में आधे हैंडपंप जवाब दे चुके हैं जिससे गांव गांव पानी की समस्या को लेकर हैंडपंप पर ग्रामीणों की भीड़ लग रही है भीड़ लगने के चलते हैंडपंपों पर पानी को लेकर ग्रामीणों के बीच मारपीट भी हो रही है लेकिन पानी की किल्लत को दूर करने के लिए अभी तक विकास भवन के अधिकारियों ने पंचायत सचिव और ग्राम प्रधानों की नकेल नहीं कसी है आला अफसर भी ग्राम पंचायत में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गोबर सराई गांव में 2 दिन पहले हैंडपंप से पानी भरने के विवाद में महिलाओं के बीच मारपीट हो गई इससे एक महिला घायल हो गई घटना की सूचना पुलिस को दी गई गोबर सहाई निवासी राजमती पत्नी लल्लू लोध 2 मई को सुबह 6:00 बजे हैंडपंप से पानी भर रही थी उसी दौरान गांव की रेखा देवी उसकी सौतन हरी लाल पासी की पत्नी बहू तथा दो तीन अन्य महिलाओं के बीच हैंडपंप में पानी भरने को लेकर विवाद हो गया दोनों पक्षों में गाली गलौज के बाद मामला मारपीट तक बढ़ गया मारपीट के दौरान राजमती गंभीर रूप से घायल हो गई घायल अवस्था में एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर जांच में जुटी है लेकिन सवाल उठता है कि पानी की किल्लत दूर करने के लिए विकास भवन के अधिकारियों ने अभी तक क्या पहल की है मई का महीना शुरू हो चुका है लेकिन गांव गांव हैंडपंप की मरम्मत नहीं हो सकी है और हैंडपंप की मरम्मत न होने से पानी की किल्लत के चलते गांव में लड़ाई झगड़े बढ़ गए हैं आखिर क्या विकास भवन के अधिकारियों की जिम्मेदारी पानी की किल्लत दूर करने की नहीं है और अधिकारियों ने गांव-गांव पानी की किल्लत दूर कर दी होती तो लड़ाई झगड़े कम होंगे और पुलिस को भी बेवजह मुकदमा नहीं दर्ज करने पड़ेंगे लेकिन पानी की किल्लत की मूल समस्या को दूर करने की ओर अधिकारी गंभीर नहीं है।

## संपादकीय

# जमीन की उर्वरता और जंगल को जला रही आग

**जलवायु** परिवर्तन व वैश्विक ऊष्णता जीवन के अनेक क्षेत्रों को बुरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं। लेकिन लोग फिलहाल इन स्थितियों से आंखें मूंदे हुए हैं। अधिकतर तो पर्यावरण का नाश करने में बढ़-चढ़ कर योगदान कर रहे हैं। पूरे परिदृश्य को देखें तो लगता है कि प्रकृति से पूरी तरह से कटे लोग अपने छोटे-छोटे स्वार्थों के कारण पर्यावरण और प्रकृति की बली दे रहे हैं। यह गर्मी का मौसम है। चिलचिलाती धूप में सूखे पत्ते व घास-फूस आग लगने की घटनाओं को दावत देते हैं। आग लगती है तो ना जाने क्या-क्या जला देती है। हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ गई हैं। वहीं हरियाणा व पंजाब जैसे कृषि प्रधान राज्यों में आग लगने की घटनाओं का विशख्षेण करें तो बहुत चिंताजनक स्थिति हमारे सामने आती है। खेती-बाड़ी के काम में गेहूं की कटाई पहले अक्सर मजदूरों द्वारा की जाती थी। अब मजदूरों की कमी और मशीनीकरण की वजह से गेहूं की कटाई कंबाइन के जरिये होती है। कंबाइन के जरिये गेहूं कटाई के बाद खेत में गेहूं के फाने रह जाते हैं। कृषि वैज्ञानिकों की बात मानें तो यही फाने यदि खेत में बहा दिए जाएं तो मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाने में काम आ सकते हैं। लेकिन किसान को यही फाने अगली फसल लगाने के रास्ते का सबसे बड़ा रोड़ा लगते हैं। इसका उपचार करने के लिए वह कोई अन्य रास्ता अपनाने की बजाय आग का रास्ता अपनाता है। खेत में फाने जलाने के लिए आग लगाता है। यह आग फानों को जलाने के साथ-साथ मिट्टी में रहने वाले मित्र कीटों और उर्वरता को भी जला देती है। चिलचिलाती धूप में यही आग प्रायः उसके खेत के दायरे को पार करके आगे बढ़ जाती है। खेत के पास चाहे पड़ोस के खेत हों, जंगल हो या फिर सडक किनारे खड़े पेड़, सबको अपनी चपेट में लेती हुई आग रौद्र रूप धारण कर लेती है। फिर आग पर किसी का बस नहीं चलता। पहले से ही गर्मी में यह आग और अधिक गर्मी फैलाती है और पर्यावरण के बहुमुखी नाश का कारण बनती है। इस वर्ष हरियाणा के अनुभवों से निकल कर आया है कि किसानों ने बेधडक फानों को आग के हवाले किया। गत वर्षों में कानूनी प्रतिबंध का जो खौफ दिखाई देता था, वह भी नजर नहीं आया। जिस भी तरफ से गुजर जाओ, खेत में आग का खौफनाक मंजर सामने आया। सडक के किनारे वन विभाग द्वारा लगाए गए पेड़ अपने बचपन में भी जल गए। बड़े पेड़ बुरी तरह से झुलस गए। तना जल जाने के कारण पेड़ सडक पर गिरे हुए मिले। जिससे दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। सडक के किनारे लगी आग के कारण लोगों को सडक से गुजरने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में कई बार सडक पर लोगों के झुलसने से बड़े हादसे हो चुके हैं। इन सबको छोड़ भी दें तो इन सबसे पर्यावरण को जो नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई नहीं की जा सकती। इसके नतीजे भी हम भुगत रहे हैं। खेती-किसानी की ही बात करें तो इस बार मौसम में आए बदलावों की वजह से गेहूं की पैदावार में कमी आई है। गत वर्षों की तुलना में कम पैदावार के कारण किसानों को परेशानी की हालत में देखा गया। फूलों की खेती को भी मौसम ने बुरी तरह से प्रभावित किया। सर्दी के मौसम के फूल तुलनात्मक रूप से कम समय तक खिले। बाद में पौधों से बीज भी अच्छे नहीं मिले।

# एशियाई चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवानों का जलवा

**योगेश गोयल**

2017 में लगी चोट के बाद वह करीब एक साल तक कुश्ती से दूर रहे थे और उसके बाद 2018 में बुखारेस्ट में विश्व अंडर-23 कुश्ती चैम्पियनशिप में 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर धमाकेदार वापसी करने में सफल हुए थे। उस चैम्पियनशिप में वह भारत का एकमात्र पदक था। बहरहाल, टोक्यो ओलम्पिक में रवि भले स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुए लेकिन उन्होंने भारत को अपने दमदार प्रदर्शन से रजत जीतकर निराश नहीं किया और अब एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने साबित कर दिया है कि उनके इरादों में कितना दम है

**पिछले** दिनों मंगोलिया में आयोजित एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने कुल 17 पदक जीते। चैंपियनशिप में अपनी-अपनी श्रेणियों में बजरंग पूनिया ने रजत पदक, गौरव बालियान ने रजत पदक, नवीन तथा सत्यव्रत कादियान ने कांस्य पदक जीते लेकिन सबसे बड़ा कारनामा किया टोक्यो ओलम्पिक में रजत पदक जीतने के बाद भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने। रवि ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके इरादों में कितना दम है। रवि ने शारीरिक क्षमता और रणनीतिक श्रेष्ठता के बूते कजाकिस्तान के रखत कालजान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई चैंपियनशिप में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तकनीकी श्रेष्ठता का परिचय देते हुए रवि ने पहले पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में जापान के रिकुतो अराई को हराया और उसके बाद मंगोलिया के जानाबाजार जंदनबुड पर 12-5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई। हालांकि रवि ने अपने सभी मुकाबलों में शुरूआत में बढ़त गंवा दी थी लेकिन शानदार तरीके से वापसी करते हुए पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया। फाइनल मुकाबले में रखत कालजान ने उन्हें काफी समय तक कोई अंक नहीं लेने दिया था लेकिन अपनी चिर-परिचित शैली के अनुरूप रवि ने मुकाबले पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया और लगातार 6 ह्यटू-प्वाइंटरह्ल हासिल किए, साथ ही स्वयं को ह्यलेफ्ट-लेग अटैकह्ल से भी बचाया, जिससे मुकाबला दूसरे पीरियड के शुरू में ही समाप्त हो गया और भारत ने 2022 की एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के टूनार्मेंट का पहला स्वर्ण पदक रखत कालजान को 12-2 से हराते हुए अपने नाम किया। गौरतलब है कि रवि ने इससे पहले 2020 में दिल्ली और 2021 में अलमाटी में भी एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था और इस चैंपियनशिप में इस बार उन्होंने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक भारत के नाम किया है। कोई भी भारतीय फ्री स्टाइल पहलवान अभी तक ऐसा कारनामा नहीं कर सका है और रवि



लगातार तीसरी खिताबी जीत दर्ज कराने वाले पहले भारतीय पहलवान बन गए हैं। इस साल फरवरी में डान कोलोव स्पर्धा में रजत पदक जीतने के बाद रवि का इस सीजन का यह दूसरा फाइनल था। इससे पहले 5 अगस्त 2021 को टोक्यो में ह्यखेलों के महाकुंभह्ल में शानदार प्रदर्शन करते हुए रवि रजत पदक जीतने में सफल रहे थे। हालांकि रवि को ओलम्पिक के फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद थी लेकिन 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में 2018 और 2019 के विश्व चैम्पियनशिप रह चुके रूस ओलम्पिक समिति के पहलवान जावुर युगुऐव से 7-4 से हारने के बाद उनका वह सपना चकनाचूर हो गया था। अभी तक कुश्ती में कोई भारतीय पहलवान ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुआ है। हालांकि ओलम्पिक के रेसलिंग मुकाबलों में रवि का रजत पदक भी इसीलिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया क्योंकि ओलम्पिक खेलों के इतिहास में पदक जीतने वाले वे पांचवें पहलवान बने थे और रेसलिंग में भारत का वह केवल छठा पदक था। पहलवान सुशील कुमार ने ओलम्पिक में लगातार दो बार पदक जीते थे। भारत को सबसे पहले 1952 में हेलसिंकी ओलम्पिक में पहलवान केडी जाधव ने कांस्य पदक दिलाया था। उसके बाद रेसलिंग में पदक के लिए 56 वर्षों का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उस लंबे सूखे को 2008 में सुशील कुमार ने बीजिंग ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतकर खत्म किया था। उसके बाद 2012 के लंदन ओलम्पिक में दो भारतीय पहलवानों ने जीत का परचम लहराया। सुशील कुमार रजत और योगेश्वर दत्त कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। 2016 के रियो ओलम्पिक में साक्षी मलिक ने कांस्य पदक हासिल किया था।

सुशील कुमार के बाद ओलम्पिक में रजत पदक जीतने वाले रवि दूसरे भारतीय पहलवान बने थे। ओलम्पिक के सेमीफाइनल मुकाबले में जब रवि ने मैच के आखिरी मिनट में कजाक पहलवान को अपनी मजबूत भुजाओं में जकड़ लिया था, तब उसने रवि की पकड़ से छूटने के लिए खेल भावना के विपरीत उनकी बांह पर दांतों से काटना शुरू कर दिया था लेकिन रवि ने अपने दबंग इरादों का परिचय देते हुए अपनी मजबूत पकड़ ढीली नहीं होने दी और उसे चित्त करते हुए मुकाबला अपने नाम किया था।

12 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के सोनीपत जिले के नाहरी गांव में जन्मे रवि कुमार दहिया ने केवल छह वर्ष की आयु में गांव के हंसराज ब्रह्मचारी अखाड़े में कुश्ती शुरू कर दी थी। दरअसल यह गांव पहलवानों का गांव माना जाता है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां का लगभग हर बच्चा कुश्ती में हाथ आजमाता है। कुछ समय बाद वह उत्तरी दिल्ली के उस छत्रसाल स्टेडियम में चले गए, जहां से दो ओलम्पिक पदक विजेता सुशील कुमार और योगेश्वर दत्त निकले हैं। वहां 1982 के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रहे सतपाल सिंह ने उन्हें दस वर्ष की आयु में ही ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी थी।

रवि के पिता राकेश भूमिहीन किसान थे, जो बंटाई की जमीन पर खेती किया करते थे। उनकी दिली तमन्ना थी कि उनका बेटा पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन करे और अपनी इसी ख्वाहिश को पूरा करने के लिए उन्होंने आर्थिक संकट के बावजूद बेटे की ट्रेनिंग में कोई कमी नहीं आने दी। वह प्रतिदिन बेटे तक फल-दूध पहुंचाने के लिए नाहरी गांव से 40 किलोमीटर दूर छत्रसाल स्टेडियम तक जाया करते थे। 2019 की विश्व चैंपियनशिप में रवि ने कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय उनके पिता उनका वह यादगार मैच नहीं देख सके थे क्योंकि वे काम पर गए हुए थे। रवि ने 2015 में 55 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में सल्वाडोर डी बाहिया में विश्व जूनियर कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था।

2017 में लगी चोट के बाद वह करीब एक साल तक कुश्ती से दूर रहे थे और उसके बाद 2018 में बुखारेस्ट में विश्व अंडर-23 कुश्ती चैम्पियनशिप में 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर धमाकेदार वापसी करने में सफल हुए थे। उस चैम्पियनशिप में वह भारत का एकमात्र पदक था। बहरहाल, टोक्यो ओलम्पिक में रवि भले स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुए लेकिन उन्होंने भारत को अपने दमदार प्रदर्शन से रजत जीतकर निराश नहीं किया और अब एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने साबित कर दिया है कि उनके इरादों में कितना दम है।

# हमने तुम्हें 'राशन ' दिया तुम मुझे वोट दो

**निर्मल रानी**

**तुम** मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा , यह नारा 4 जुलाई 1944 को बर्मा में हजारों भारतवासियों की मौजूदगी में नेता जी सुभाष बोस ने दिया था। अब लगभग इसी तर्ज का नारा भूखमरी और सत्ता के बीच उछलता दिखाई दे रहा है। कुछ समय पूर्व ही पांच राज्यों में हुये विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं का एक नया वर्ग उभर कर सामने आया जिसे मीडिया द्वारा 'लाभार्थी ' वर्ग के नाम से प्रचारित किया गया। 'लाभार्थी ' उस वर्ग को बताया गया जो राशन कार्ड धारी व गरीबी रेखा से नीचे रहने वाला विशेषकर वह वर्ग जो कोरोना काल में नौकरी या व्यवसाय समाप्त हो जाने के बाद दो वक़्त की रोटी का भी मोहताज हो गया था। इस गरीब व बेसहारा वर्ग को सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत गेहूं,चावल,चना आदि राशन मुफ़्त में वितरित किया गया। सरकारी दावों के अनुसार पूरे देश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ़्त राशन प्राप्त करने के अतिरिक्त केंद्र सरकार की उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास तथा शौचालय निर्माण योजना जैसी कई योजनाओं का फायदा उठाने वाले लाभार्थी वर्ग की संख्या लगभग 80 करोड़ बताई गयी। विभिन्न राज्यों में इन गरीब,मजबूर व बेसहारा लोगों को बाकायदा 'उत्सव' आयोजित कर इन्हें राशन बांटा गया। यह अलग बात है कि अनेक वितरण केंद्रों पर इन गरीबों को दिया जाने वाला राशन निहायत घटिया किस्म का था। तथा योजना के तहत बनाये गये शौचालय भी टूट फूट गए। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुफ़्त दिया गया गैस सिलिंडर व गैस चूल्हा भी मकान के किसी कोने में पड़ा इसलिए धूल खाने लगा क्योंकि गैस सिलिंडर रिफिल करने के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गयी। और उन्हीं उज्ज्वला लाभार्थियों ने पुनः लकड़ी व चूल्हे पर खाना बनाना शुरू कर दिया। परन्तु प्रधानमंत्री व कहीं कहीं प्रधानमंत्री के साथ साथ राज्यों के मुख्यमंत्रियों का चित्र छपा हुआ वह थैला जो मुफ़्त राशन के साथ ही मुफ़्त में दिया गया उसकी मजबूती में कोई कमी न थी। इसके पीछे भी रणनीतिकारों की बड़ी दूरदर्शिता यह थी कि 'लाभार्थी ' इसी थैले का इस्तेमाल राशन लेने के बाद बाजार लेकर आने जाने व सामानों को रखने के लिये भी कर सकता है। और वह लाभार्थी जितनी बार भी उस 'इश्तेहारी थैले ' के साथ घर से बाहर निकलेगा उतनी बार 'अन्नदाता महा मानव ' रुपी राजनेताओं के चेहरे बाजारों में एक 'मसीहा ' के रूप में प्रचारित होंगे। और मुफ़्त राशन पाने वाला न चाहते हुये भी लोगों को यह सन्देश देने के लिये मजबूर होगा कि वह मुफ़्त राशन के लिये सरकार पर आश्रित रहने वाला एक मजबूर,गरीब व उपकृत लाभार्थी है। इस तरह की मुफ़्त वाली योजनाओं में से अधिकतर योजनाओं का संबंध महिलाओं से था। चाहे वह मुफ़्त राशन हो, शौचालयों का निर्माण हो या उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मिले सिलेंडर का लाभ।

रणनीतिकारों ने इन योजनाओं से महिलाओं को ही सबसे अधिक उपकृत हुआ पाया। यहां तक कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रायः मकानों का आवंटन भी महिलाओं के नाम से ही किया गया। 80 करोड़ लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने वाले भले ही इसे अपनी उपलब्धि बता रहे हों परन्तु इसी देश का एक बड़ा बुद्धिजीवी वर्ग देश में लाभार्थियों की इतनी बड़ी तादाद होने को ही सरकार की घोर विफलता मान रहा है। सवाल यह है कि उसी कोरोना काल में बिना किसी योजना व तैयारी के जिसतरह अचानक लॉक डाउन घोषित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप देश के करोड़ों लोगों को अपने रोजगार गंवाने पड़े,अपनी नौकरियों से हाथ धोना पड़ा और भूखमरी की कगार पर पहुंचना पड़ा आखिर इन हालात की जिम्मेदारी किसकी थी ? इतना बड़ा 'लाभार्थी ' वर्ग खड़ा करने का जिम्मेदार भी आखिर कौन है ? मोदी सरकार की रणनीति से एक बात तो साफ झलकती है कि सरकार लोगों को रोजगार व सेवा के अवसर व अधिकार देने के विपरीत इसी प्रकार की कुछ कल्याणकारी योजनाओं से ही उन्हें उपकृत कर अपने पक्ष में 'लाभार्थियोंका एक बड़ा वर्ग खड़ा करना चाहती है। जिसका व्यापक प्रभाव पिछले दिनों 5 राज्यों में हुये चुनावों में देखने को भी मिला कि भाजपा की खास रणनीति के तहत किस प्रकार 'लाभार्थियों'का वर्ग भाजपा के 'वफादार' मतदाताओं के रूप में परिवर्तित हो चुका है। जाहिर है।

## चिंतन

# डीयू के 100 साल- रहेगी अपने गुरुओं की ऋणि

**आर.के. सिन्हा**

किसी भी स्कूल,कॉलेज या यूनिवर्सिटी की पहचान होती है उसमें शिक्षित हुए विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से। इस मोर्चे पर अपने 100 साल का सफर पूरा कर रही दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) जितना भी चाहे गर्व कर सकती है। डीयू की स्थापना 1922 में हुई थी और इसका पहला दीक्षांत समारोह 26 मार्च, 1923 को हुआ था। उस समय तक डीयू में सिर्फ सेंट स्टीफंस कॉलेज, हिन्दू कॉलेज, रामजस कॉलेज और दिल्ली कॉलेज ( अब जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज) ही थे। ये उन दिनों की बातें हैं जब डीयू में सिर्फ साइंस और आर्ट्स की ही फैक्ल्टी हुआ करती थीं। और अब जब डीयू में 70 से अधिक कॉलेजें हैं। एक महत्वपूर्ण बिन्दु यह भी है कि डीयू में राजधानी की दो अन्य विश्वविद्लायों क्रमशः जामिया मिल्लिया इस्लामिया तथा जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी के विपरीत शांति तथा सौहार्द बना रहता है। यहां पर पढ़ने और पढ़ाने पर फोकस रहता है सबका। क्या यह बात जेएनयू या जामिया के लिए भी ऐसे ही कही जा सकती है। इन दोनों में तो लगातार आंदोलन, प्रदर्शन तथा मारपीट ही होती रहती है। अगर डीयू के इतिहास के पन्नों को खंगाले तो इसका रजत जयंती दीक्षांत समारोह 1947 में ही होना चाहिए था। उसी साल देश आजाद भी हुआ था। इसीलिये इसका आयोजन 1948 में डीयू की मेन बिल्डिंग में हुआ था। इस समारोह में देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु, भारत के वायसराय लार्ड माउंटबेटन,उनकी पत्नी, शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद और महान वैज्ञानिक शांति डॉ. शांति स्वरूप भटनागर भी मौजूद थे। अब तक इंद्रप्रस्थ कॉलेज और मिरांडा हाउस भी डीयू का हिस्सा बन चुके थे। अब डीयू में अपने दिल्ली से बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए ग्वायर हाल नाम से छात्रवास का निर्माण भी कर लिया गया था। यह सर मौरिस ग्वायर के नाम पर बना था। ग्वायर साहब डीयू के उप कुलपति भी रहे। उन्होंने इसके विस्तार में अहम रोल निभाया था। डीयू का स्वर्ण जयंती दीक्षांत समारोह 1973 में हुआ था। उसमें देश की तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पंजाबी की लेखिका अमृता प्रीतम और गायिका एम एस सुब्बालक्ष्मी भी शामिल हुये थे। देखिए जब डीयू का जिक्र आता है तो सबसे पहले दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (डी स्कूल) की छवि जेहन में आती हैं। इसकी स्थापना 1949 में हुई। यहाँ टाटा उद्योग समूह के सहयोग से रतन टाटा लाइब्रेरी स्थापित की गई। डी स्कूल को अर्थशास्त्र और संबंधित विषयों में अध्ययन और अनुसंधान के लिए एशिया का सबसे बेहतर संस्थान माना जाता है। डी स्कूल की स्थापना में प्रफेसर वी.के. आर.वी.राव की निर्णायक भूमिका रही थी। वे डी स्कूल के पहले निदेशक थे। इसी डी स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. अर्मत्य सेन,प्रो. सुखमय चक्रवर्ती, डॉ. मृणाल दत्ता चौधरी डॉ. ए. एल नागर जैसे अर्थशास्त्रियों ने पढ़ाया।

**डीयू के इतिहास पुरुषः** डीयू के इतिहास विभाग में लंबे समय से इस तरह के विद्वान गुरु रहे जिनसे पढ़ने के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा तक के नौजवान यहां दाखिला लेते रहे। उनमें डॉ. डी.एन.झा भी थे। वे इतिहासकार ही नहीं थे बल्कि इतिहास रचयिता भी थे कया यूं कहें कि वे खुद भी इतिहास के एक निमार्ताओं का सा ही जीवन जिये। उनके विद्यार्थियों में उनके लेक्चर कभी कोई मिस नहीं करता था। वे वैदिक काल के विद्वान थे। डीयू में ही आर.एस.शर्मा, सुमित सरकार, मुशीर उल हसन, के.एम. श्रीमाली जैसे नामवर इतिहासकार भी शिक्षक रहे हैं। इनके अलावा यहां पिता-पुत्र मोहम्मद अमीन और शाहिद अमीन की जोड़ी भी पढ़ाती रही है। इतिहास का कोई भी संजीदा विद्यार्थी उनके योगदान का ऋणि रहेगा। दिल्ली यूनिवर्सिटी में इस तरह के अनेकों प्रोफेसर रहे है, जो पढ़ाते तो इंग्लिश, गणित या जंतु विज्ञान (जोआलजी) रहे हैं, पर उनका खेलों की तरफ भी गहरा झुकाव रहा। प्रोफेसर रवि चतुर्वेदी ने करीब सौ क्रिकेट टेस्ट मैचों की कमेंट्री की। उन्होंने दो दर्जन किताबें भी क्रिकेट पर लिखीं। गणित के प्रोफेसर रंजीत भाटिया ने 1960 के रोम ओलंपिक खेलों की मैराथन दौड़ में भाग लिया था।

# बेहद सफल रही मोदी की यूरोप यात्रा

**रमेश ठाकुर**

बीते ढाई महीनों में यूरोप के कई प्रमुख नेताओं का भारत आना और उनका हमारे प्रधानमंत्री को अपने यहां आने का आमंत्रण देकर बुलवाना, बताता है कि भारत की विश्व बिरादरी में अब क्या अहमियत है। ग्लोबल मार्केट पर भारत आज क्या मायने रखता है, शायद बताने की जरूरत नहीं। इसलिए कोरोना संकट के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूरोप यात्रा बहुराष्ट्रीय फलक पर बेहद लाभदायक कही जा रही है। दो मायनों में कुछ ज्यादा ही खास है। अव्वल, रूस-यूक्रेन युद्ध से बिलबिला उठे यूरोपीय देश फ्रांस, डेनमार्क, स्वीडन, नार्वे, आइसलैंड, फिनलैंड व अन्य भारत से बड़ी आस लगाए बैठे हैं। ये देश भारत से उम्मीद करते हैं कि वह रूस-यूक्रेन विवाद में मध्यस्थता कर मामले को जल्द से जल्द सुलझवाए। इसके अलावा यूरोपीय राष्ट्र ये भी चाहते हैं कि भारत यूक्रेन के प्रति अपनी उदारता दिखाते हुए विश्व स्तर पर रूस की भर्त्सना करे। जबकि, इसे लेकर भारत शुरू से तटस्थ रहा है। बात भी ठीक है, भला कोई किसी के चलते अपने संबंध क्यों किसी से बिगाड़े? पूरी दुनिया इस बात से वाकिफ है कि भारत हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है। कुछ दिनों पहले यूरोपीय आयोग की अध्यक्षा 'उर्सला वॉन डेर लेयेन' ने भी भारत का दौरा किया था। उन्होंने भी मोदी को मनाने की पूरी कोशिश की। उस वक्त भी प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि उनका देश रूसी हमले का समर्थन बिल्कुल नहीं करता। खैर, यात्रा के दूसरे मायने को समझें तो भारत पर इस बात को लेकर यूरोपीय देशों का जबरदस्त दबाव है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति से युद्ध रुकवाने को लेकर खुलकर बात करें। हालांकि ऐसी कोशिशें भारत ने जानबूझकर अभी तक नहीं की, अगर करते तो रूस से रिश्ते खराब हो जाते। इसके बाद यूरोपीय देशों का नजरिया भारत के प्रति कैसा है, उसे मोदी अपनी यात्रा के दौरान अच्छे से भांप रहे हैं। हालांकि जिस गर्मजोशी से उनका भव्य स्वागत हुआ, उससे लगता नहीं यूरोपीय देशों का नजरिया भारत के विरुद्ध है। ये सच है कि यूरोपियन देश खासकर फ्रांस, डेनमार्क, स्वीडन, नार्वे, आइसलैंड व फिनलैंड की कमर रूस-यूक्रेन युद्ध से टूट चुकी है। यहां से उबरना उनके लिए भविष्य में मुश्किल होगा। क्योंकि इन दोनों देशों पर यूरोपीय देशों की निर्भरता बहुत है। युद्ध अगर और लंबा खिंचा तो इनके लिए समस्याएं और बढ़ेंगी। अगर कायदे से देखें तो मोदी की मौजूदा यात्रा भारत से ज्यादा यूरोपीय देशों के लिए ही खास है। यूरोप के दो बड़े मुल्क जर्मनी-फ्रांस, दोनों ही यूक्रेन के तेल-गैस व अन्य जरूरी सामानों पर निर्भर हैं। इनके लिए एक-एक दिन काटना भारी पड़ रहा है। मोदी की यूरोप यात्रा पहले से प्रस्तावित नहीं थी, तत्काल शिड्यूल बना। यात्रा से पूर्व करीब नौ देशों ने मिलकर बैठकें की जिसमें प्रधानमंत्री को अपने यहां आमंत्रित किया। आमंत्रण का मकसद भी पानी की तरह साफ है। युद्ध अगर और लंबा चला तो इन देशों की हालत बेहद खराब हो सकती है। तेल-गैस की आपूर्ति यूक्रेन से ही होती है, जो बीते पौने दो महीनों से नहीं हुई है। वैकल्पिक आपूर्ति भी इनके यहां अब खत्म होने के कगार पर है। जर्मनी के साथ हमारे समझौते तो कई हुए हैं, लेकिन प्रमुख बात जो है वो सभी जानते हैं। लेकिन ये भी सच है, भारत को रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के जो प्रयास करने थे, पहले ही किया जा चुका है। जिसे पुतिन ने अनसुना किया। युद्ध बदस्तूर जारी है, उनको जो करना है करते जा रहे हैं। पुतिन किसी की भी नहीं सुन रहे।अपनी यात्रा को प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी समझदारी से आगे बढ़ाया है। दरअसल सबसे पहले अपना हित देखना होता है। कमोबेश उसी नजरिए से मोदी वहां के नेताओं से मिले भी। व्यापार की दृष्टि से हमें सचेत रहने की जरूरत है। यूरोप के साथ हमारा व्यापारिक इतिहास अभी तक उतना अच्छा नहीं रहा। संबंध भी उतने अच्छे नहीं रहे, इन देशों के साथ हमारी विदेश नीति भी ज्यादा अच्छी नहीं रही थी। बीते कुछ ही वर्षों में गर्माहट आई है। तभी वहां के नेता मोदी को बुलाने को इतने उतावले हुए। यूरोपीय राष्ट्र हमारे साथ सालाना करीब दो-तीन प्रतिशत साझा व्यापार करते हैं, जो कच्चे माल पर निर्भर होता है।

# आजकल के दावत

**रामविलास जांगिड़**

हीरा बाजार के मेगा मॉल शोरूम में नींबू आराम फरमा रहे हैं। कमबख्त खरीददार! इनको बहुत परेशान कर रहे हैं। सब ऑनलाइन खरीदना चाहते हैं। सब एसी के अंदर डबल-बेड लगाकर खर्राटे ले रहे हैं। खिड़कियों से चिपटे अड़े मोबाइल के मजे ले रहे हैं। नींबू और नेता दोनों के भाव बढ़ रहे हैं। ऑफसीजन में यही होता है। नेता हमेशा से ही नींबू के मुकाबले ज्यादा बिकाऊ हो लिया है। आलू-प्याज अड़े हैं। नेता बिकने के लिए हर चौराहे पर खड़े हैं। सारे नींबू ऑनलाइन बेचे जा रहे हैं। नेताजी ऑनलाइन, ऑफलाइन, बेलाइन हर तरह से बिक रहे हैं। गली का भिखारी भी अपने बोरे में एक-आध नेता लिए पड़ा है। सामने एक सेल्समैन दिखाई पड़ रहा है, जो भारी भरकम लगेज बोरे के भीतर चमकीले-दमकीले पैकेट में इठलाते नींबू का जोड़ा सीधे जांगिड़ सर के घर पहुंचा रहा है। दिल्ली से अजमेर तक! कुम्हारिया से गुवाड़िया तक सब ऑनलाइनी हो लिया है। गोभी, कद्दू, टमाटर, केले! सरकारी योजना, कवि, नेता, अफसर, चमचे, झमेले ...! सब बिक रहे हैं ऑनलाइन फर-फर। जैसे कोई मंत्री बिकता हो किसी रिसॉर्ट में, मुख्यमंत्री की लालसा में! दसों दिशाओं में ऑनलाइनी बवंडर अपनी रफ्तार से सबको चपेट में ले रहा है। हर गांव-ढाणी तक नेता-अफसर ऑनलाइन बिकने के लिए तैयार खड़े हैं। बड़ा ही चकाम-चक सीन दिखाई पड़ रहा है। महंगाई की कविताओं के कवि नींबुओं की ऑनलाइन कविबाजी फरमा रहे हैं। बिजली कटौती में इतने कवि पैदा हुए हैं, जितने बरसात में मेंढ़क भी नहीं होते! इधर मेंढ़कों ने कवि से तुलना करने पर गहरी आपत्ति जताई है! ऑनलाइन प्रेम, प्यार, लफड़ा, झगड़ा, सम्मेलन सब कुछ हुआ जा रहा है। ऑनलाइन प्यार हुआ और अब ऑनलाइन शादी की रस्म अदायगी भी। शादी ऐप पैकेज व पैकेट ऑनलाइन मिल रहे हैं। बिल्कुल यंत्रवत! खोला। देखा।

# पंजाब ने दर्ज की बड़ी जीत, गुजरात को 8 विकेट से हराया

**मुंबई।** गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2022 का 48वां मैच मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया। गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 8 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने आई पंजाब किंग्स की टीम ने शिखर धवन और लियाम लिविंग्स्टोन की आतिशी पारी के बदौलत गुजरात को 8 विकेट से हरा दिया। पंजाब ने इस लक्ष्य को 16 ओवर में ही हासिल कर लिया।

हार्दिक के टॉस जीतने के बाद गुजरात के लिए ओपनिंग क्रम पर रिद्धिमन साहा के साथ शुभमन गिल आए। गिल ने आते ही चौके जरूर जड़े लेकिन एक रन चुराने के चक्कर में रन आऊट हो गए। उन्होंने नौ रन बनाए।



साहा ने भी एक छोर संभालते हुए तेजतर्रार रन बरसाए लेकिन पंजाब के गेंदबाज कागिसो रबाडा ने उन्हें 21 रनों पर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। गुजरात को अपने कप्तान हार्दिक पांड्या पर भरोसा था जो इस सीजन में लगातार तीन अर्धशतक लगा चुके हैं, लेकिन आज वह पंजाब के खिलाफ महज 1 रन बनाकर चलते बने। उन्हें ऋषि धवन ने विकेटकीपर के हाथों कैच आऊट कराया। गुजरात को सहारा देने के लिए डेविड मिलर आए लेकिन पंजाब की कसी हुई गेंदबाजी के आगे वह भी हथियार डाल गए। लिविंगस्टोन की गेंद पर आऊट होने से पहले उन्होंन 14 गेंदों में 11 रन बनाए। प्रदीप सांगवान को अर्शदीप सिंह ने बोल्ड किया तो रबाडा ने वापसी करते हुए लॉकी फार्ग्यूसन को पवेलियन का रास्ता दिखाकर अपना चौथा विकेट हासिल किया। साई सुदर्शन ने कुछ अच्छे शॉट लगाकर गुजरात को 150 के पास पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने आई पंजाब टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और जॉनी बेयरस्टो के रूप में पहला विकेट गिरा। शमी ने बेयरस्टो को एक रन पर आउट कर चलता किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भानुका राजपक्षे ने शिखर धवन के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी निभाई। पर लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर चकमा खा गए और एल्बीडब्ल्यू आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में 28 गेंदों का सामना किया और 5 चौके और एक छक्के की मदद से 40 रन बनाए। पंजाब के लिए सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 53 गेंदों पर 8 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 62 रन की पारी खेली और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं लिया लिविंग्स्टोन ने 10 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्के की मदद से 30 रन की पारी खेलकर मैच को 16 ओवर में ही खत्म कर पंजाब को बड़ी जीत दिलाई।

## सनराइजर्स के आक्रमण और दिल्ली के बल्लेबाजों के बीच होगा रोचक मुकाबला

**मुंबई ।** अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए जूझ रहे दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाजों के सामने कड़ी परीक्षा होगी और उन्हें टीम की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली को नौ मैचों में से पांच में हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसके प्रदर्शन और टीम संयोजन पर सवाल



उठने लग गए हैं। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के चहेते ललित यादव अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं जबकि एनरिक नोर्किया का खास उपयोग नहीं किया गया हैं, जिन्हें दिल्ली ने नीलामी से पहले टीम में बनाए रखा था। ऑलराउंडर ललित ने अभी तक नौ मैचों में केवल 137 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 110 से कम हैं। उन्होंने चार विकेट लिए हैं। दिल्ली के गेंदबाजों में कुलदीप यादव (17 विकेट) और खलील अहमद (11) विकेट को छोड़कर कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। मुस्ताफिजुर रहमान टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाया है। कप्तान ऋषभ पंत (234 रन) ने अपने आक्रामक तेवर दिखाए हैं लेकिन वह लंबी पारी नहीं खेल पाये हैं।

## फ़ोर्मेंटा इंटरनेशनल शतरंज – गुकेश सयुंक्त बढ़त पर

**फ़ोर्मेंटेरा ,स्पेन।** शतरंज ओलंपियाड की टीम की घोषणा कल कर दी गयी है और इसमें शामिल कई खिलाड़ी इस समय विश्व स्तरीय टूर्नामेंट में खुद को तैयार कर रहे है । स्पेन में चल रहे फ़ोर्मेंटा इंटरनेशनल शतरंज में चार राउंड के बाद इस समय भारत के डी




गुकेश और कृष्णन शशिकिरण शानदार खेल दिखाते हुए सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है। डी गुकेश जिन्हे भारत की बी टीम में जगह मिलीं है तीन जीत और 1 ड्रॉ के साथ 3.5 अंक बना चुके है साथ ही गुकेश की लाइव रेटिंग 2665 पर पहुँच गयी है । गुकेश नें अब तक कनाडा के डुकिक ज़चारी ,ईरान की आलिनसेब मोबिना , स्पेन के जोस फेरनांदों को मात दी है जबकि टॉप सीड स्पेन के जेमे संटोस लतासा से ड्रॉ खेला है । आपको बता दे की इस समय विश्व के शीर्ष 100 में 77वे स्थान पर काबिज 15 वर्षीय गुकेश सबसे कम उम्र के खिलाड़ी है । भारत की ए टीम में शामिल ग्रांड मास्टर कृष्णन शशिकिरण भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 जीत और 1 ड्रॉ के साथ 3.5 अंको पर है और सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है । 10 राउंड की इस प्रतियोगिता में 20 देशो के 54 खिलाड़ी भाग ले रहे है ।

## गुजरात के खिलाफ शिखर धवन ने बनाए बड़े रिकॉर्ड, धोनी और रैना जैसे खिलाड़ियों को छोड़ा पीछे

**मुंबई ।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ पंजाब किंग्स ने 8 विकेट से बड़ी जीत हासिल की। इस मैच को पंजाब की टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 16 ओवर ही में 145 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस मैच में सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने नाबाद अर्धशतक बनाया। धवन ने गुजरात के खिलाफ 62 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इस पारी के साथ ही उन्होंने अपने नाम कई रिकॉर्ड भी बना लिए। शिखर धवन आईपीएल में जीते हुए मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। धवन ने आईपीएल के जीते हुए मैचों में 3729 रन बनाए हैं और वह पहले स्थान पर हैं। जबकि दूसरे स्थान पर सुरेश रैना है। रैना ने जीते हुए मैचों में 3559 रन बनाए हैं। जबकि इस लिस्ट में 3537 रन के साथ रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर हैं। **सफल रन-चेज़ में सर्वाधिक 50+ स्कोर-** 20: शिखर धवन*, 18: डेविड वॉर्नर, 18: गौतम गंभीर, 13: शेन वॉटसन

## गावस्कर ने 33 साल बाद भी आवंटित जमीन पर नहीं बनाई क्रिकेट अकादमी, अब की वापस

**मुंबई।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने मुंबई में क्रिकेट अकादमी स्थापित करने के लिए उन्हें 33 साल पहले आवंटित किए गए सरकारी भूखंड को वापस लौटा दिया है। महाराष्ट्र के आवास मंत्री जितेंद्र आव्हाड ने उपनगरीय बांद्रा इलाके में गावस्कर को आवंटित की गई जमीन का उपयोग नहीं करने पर पिछले साल नाराजगी व्यक्त की थी। इस जमीन पर क्रिकेट अकादमी स्थापित की जानी थी लेकिन तीन दशक बाद भी ऐसा नहीं हो पाया।

राज्य सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि गावस्कर ने महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएचएडीए) को जमीन वापस लौटा दी है। आव्हाड ने इस बात की भी पुष्टि की कि गावस्कर ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर बताया था कि वह वर्षों पहले बांद्रा में उन्हें दी गई जमीन पर क्रिकेट अकादमी



स्थापित नहीं कर पाए हैं।इससे पहले गावस्कर ने सचिन तेंदुलकर के साथ मिलकर अकादमी स्थापित करने को लेकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से संपर्क किया था, लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाया था।

एमएचएडीए ने गावस्कर से जमीन को वापस करने का अनुरोध किया था।

## पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा बोले- गुजरात को इस कारण हराने में सफल रहे

**नवी मुंबई ।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने कहा कि डीवाई पाटिल के विकेट से उनके गेंदबाजों को शुरू में मदद मिली जिससे उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को आठ विकेट से हराने में सफल रही।

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने चार विकेट झटके, जिससे पंजाब ने गुजरात को आठ विकेट पर 143 रन पर रोक दिया। इसके बाद पंजाब ने सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के नाबाद 62 रन की मदद से 24 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर दिया। संदीप ने कसी गेंदबाजी की और अपने चार ओवर में केवल 17 रन दिए। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'आज विकेट ने भी हमारी मदद की। शुरुआत में उसमें नयी गेंद को 'मूवमेंट' मिल रहा था।' संदीप ने कहा, 'म उस रणनीति पर अमल करना चाहते थे, जिस पर हमने (मुख्य कोच)



अनिल (कुंबले) सर के साथ चर्चा की थी और हम भाग्यशाली थे कि हम इसमें सफल रहे।' इस जीत से पंजाब की टीम पांचवें स्थान पर पहुंच गई है और संदीप के अनुसार उनकी टीम एक बार में एक ही मैच पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा, 'अब हमारे लिए सभी मैच बेहद महत्वपूर्ण हैं लेकिन एक बार में एक मैच पर ध्यान देना अधिक महत्वपूर्ण है। जिस तरह से हम इस मैच में सकारात्मक मानसिकता के साथ उतरे वैसे ही अगले मैच में भी उतरेंगे।'

## हार्दिक पांड्या बताया आखिर पंजाब के खिलाफ क्यों पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था

**नवी मुंबई ।** पंजाब किंग्स के खिलाफ 8 विकेट की करारी शिकस्त झेलने के बाद गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के लिए उन्होंने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। उन्होंने कहा कि इस पिच पर 170 रन का स्कोर प्रतिस्पर्धी होता लेकिन लगातार विकेट गंवाते रहने के कारण टीम ज्यादा बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद गुजरात की टीम 8 विकेट पर 143 रन ही बना सकी। पंजाब ने 16 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज



कर ली। उसके लिए शिखर धवन ने नाबाद 62, भानुका राजपक्षे 40 और लियाम लिविंगस्टोन ने नाबाद 30 रन बनाए। हार्दिक ने मैच के बाद कहा कि जाहिर है कि हम यहां प्रतिस्पर्धी स्कोर के करीब भी नहीं थे। इस पिच पर 170 रन का स्कोर आदर्श होता लेकिन हम विकेट गंवाते रहे और लय हासिल नहीं कर सके। हम मुश्किल स्थिति में अपनी टीम को परखना चाहते थे। इसलिए पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। मुझे पता था कि नई गेंद हरकत कर सकती है, लेकिन अगर आप लगातार विकेट गंवाएंगे तो दबाव में ही रहेंगे।

## युएफा ने रूस की फुटबॉल टीमों पर प्रतिबंध लगाया

**जिनेवा ।** रूस की फुटबाल टीमों को महिला यूरोपीय चैम्पियनशिप, पुरूषों की चैम्पियंस लीग और 2023 महिला विश्व कप क्वालीफाइंग से बाहर कर दिया गया है। युएफा ने यूक्रेन पर रूस के सैन्य हमले के चलते ये प्रतिबंध लगाए हैं। इससे पहले फरवरी में फीफा और युएफा ने रूस की राष्ट्रीय और क्लब टीमों के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया था जिसमें पुरूषों का विश्व कप प्लेआफ शामिल है।

उन फैसलों के खिलाफ रूसी फुटबॉल संघ ने खेल पंचाट में अपील डाली है। ताजा प्रतिबंधों के खिलाफ भी अपील डाले जाने की संभावना है। युएफा ने सोमवार को कहा कि इंग्लैंड में जुलाई में होने वाले महिला यूरो 2022 में रूस की जगह पुर्तगाल लेगा। रूस ने प्लेआफ में पुर्तगाल को हराकर क्वालीफाई किया था। वहीं चैम्पियंस लीग में रूसी प्रीमियर लीग विजेता जेनित सेंट पीटर्सबर्ग की जगह स्कॉटलैंड की चैम्पियन टीम लेगी।

इस सत्र का चैम्पियंस लीग फाइनल भी रूस की बजाय अब पेरिस में होगा । रूस को अगले सत्र में यूरोपा लीग और यूरोपा कांफ्रेंस लीग में भी जगह नहीं मिलेगी। वहीं पुरूषों के यूरो कप 2028 या 2032 की मेजबानी की रूस की दावेदारी भी खारिज कर दी गई है।

## इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम की घोषणा, कप्तान के रूप में विलियमसन की वापसी

**ऑकलैंड ।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन अगले महीने से शुरू हो रहे ब्लैक कैप्स के इंग्लैंड दौरे के दौरान टेस्ट क्रिकेट में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी करेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बुधवार को लॉर्ड्स में 2 जून से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए एक मजबूत 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें विलियमसन पिछले साल नवंबर के बाद पहली बार टेस्ट स्तर पर खेलने के लिए तैयार हैं।

विलियमसन कोहनी की चोट से पूरी तरह से उबर गए है जिस कारण वह बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ड्रॉ की गई टेस्ट श्रृंखला से चूक गए थे। हालांकि अब वह पूरी तरह से ठीक हैं और इसका एक बड़ा उदाहरण उनका आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करना है। आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान के खिलाड़ी को शामिल करना ब्लैक कैप्स के पक्ष में स्वागत



योग्य होगा, जो वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में छठे स्थान पर है और कुछ अंक जोड़ने की सख्त जरूरत है।

टीम में हाल ही में संन्यास ले चुके रॉस टेलर और बीजे वाटलिंग भी शामिल हैं। यह जोड़ी उस टीम का हिस्सा थी जिसने पिछले साल सफल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान इंग्लैंड का दौरा किया था और फाइनल में भारत को हराया था। अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी, ट्रेंट बोल्ट और नील वैगनर को भी शामिल किया गया है जबकि टॉम लैथम, डेवोन कॉनवे और विलियमसन से भी काफी रनों के योगदान की उम्मीद की जाएगी।

अनकैप्ड ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को उनके पहले टूर के लिए शामिल किया गया है, जबकि कैम फ्लेचर, ब्लेयर टिकर और जैकब डफी भी अपना टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड दौरे को लेकर उत्साहित हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि इंग्लैंड को कड़ी चुनौती मिलेगी। स्टीड ने आईसीसी के हवाले से कहा, यह एक व्यस्त सर्दी होने जा रही है, लेकिन हम एक समूह के रूप में इसे अपनाने की सोच रहे हैं। हमने हाल के दिनों में स्क्वॉड, शेड्यूल और स्टाफिंग के साथ लचीला होने की आवश्यकता देखी है।

इंग्लैंड का रेड-बॉल दौरा हमारी प्राथमिकता सूची में स्पष्ट रूप से उच्च है और हम कुछ हफ्ते के समय में वहां के मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक हैं। इंग्लैंड का दौरा हमेशा एक विशेष अवसर होता है मैदान और इतिहास सभी एक अद्भुत अनुभव के लिए बना रहे हैं। इंग्लैंड हमेशा अपनी परिस्थितियों में कठिन होता है और कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी होते हैं जिन्हें वे बुला सकते हैं। एक कारण है कि हमने वहां केवल कुछ टेस्ट सीरीज जीती हैं और हम जानते हैं कि हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**इंग्लैंड दौरे के लिए न्यूजीलैंड टीम:**

केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, कॉलिन डी ग्रैंडहोम, जैकब डफी, कैमरन फ्लेचर, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, एजाज पटेल। रचिन रवींद्र, हामिश रदरफोर्ड, टिम साउथी, ब्लेयर टिकर, नील वैगनर, विल यंग।

## जोकोविच धमाकेदार जीत से मैड्रिड ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे

**मैड्रिड ।** नोवाक जोकोविच ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी के संकेत देते हुए गेल मोनफिल्स को सीधे सेटों में करारी शिकस्त देकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला एंडी मर्रे से होगा। जोकोविच ने मोनफिल्स को 6-3, 6-2 से हराने के बाद इसे इस साल का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करार दिया। सर्बियाई खिलाड़ी ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाये जबकि तीन बार फ्रांसीसी खिलाड़ी मोनफिल्स की सर्विस तोड़ी।

शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच ने कहा, 'मैं इसे संभवतः साल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के रूप में देखता हूं। मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। यह बहुत अच्छा प्रदर्शन था। मैं बहुत खुश हूं।' मैड्रिड में तीन बार के विजेता जोकोविच का अगला मुकाबला यहां दो बार के चैंपियन मर्रे से होगा, जिन्होंने डेनिस शापोवालोव पर 6-1, 3-6, 6-2 से हराया। स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने निकोलस बेसिलशविली पर 6-3, 7-5 से जीत के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन



जारी रखा। इससे पहले रूस के आंद्रे रूबलेव ने ब्रिटेन के 20 वर्षीय जैक ड्रेपर को 2-6, 6-4, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। मारिन सिलिच ने अल्बर्ट रामोस विनोलस को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया, जबकि अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो और जेनसन ब्रूक्सबी अपने पहले दौर के मैच सीधे सेटों में हार गए। टियाफो को क्रिस्टियन गारिन ने 6-1, 6-3 से और ब्रूक्सबी को रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट ने 6-0, 6-2 से पराजित किया। एक अन्य मैच में सेबस्टियन कोर्डा ने हमवतन अमेरिकी रीली ओपेल्का को 6-3, 7-5 से हराया। महिलाओं के वर्ग में अमेरिका की जेसिका पेगुला ने बियांका आंद्रीस्क्यू को 7-5, 6-1 से और स्पेन की सारा सोरिब्स टॉर्मो ने दारिया कसातकिना को 6-4, 1-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## जीत के बाद मयंक ने बताया- क्यों लिविंगस्टोन को भेजा था 4 नंबर पर

**मुंबई।** एमसीए के मैदान पर आखिरकार पंजाब किंग्स को जीत मिली। अंक तालिका में टॉप पर चल रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले को पंजाब ने एकतरफा बनाकर 16 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। गेंदबाजी करते हुए रबाडा तो बल्लेबाजी करते हुए धवन और लिविंगस्टोन ने गुजरात को मैच में टिकने का मौका ही नहीं दिया। मैच जीतने के बाद पंजाब के कप्तान मयंक अग्रवाल ने कहा कि उनकी टीम इस लय को जारी रखकर लगातार मैच जीतना चाहेगी। मयंक बोले- कैगिसो रबाडा ने अच्छी गेंदबाजी की जिससे हमें छोटा लक्ष्य मिला। शिखर और राजपक्षे के बीच अच्छी साझेदारी हुई। अब हम यहां से लगातार मैच जीतना चाहते हैं। जॉनी बेयरस्टो से पारी आगाज कराने का फैसला इसलिए किया था क्योंकि उन्होंने इस भूमिका में अच्छा किया है। मैंने खुद चौथे क्रम पर बल्लेबाजी का सोचा था लेकिन हमारे दिमाग में नेट रन रेट था इसलिए लिविंगस्टोन को चौथे क्रम पर भेजा गया। वहीं, 4 विकेट लेने के कारण मैन ऑफ द मैच बने कागिसो रबडा ने मैच के बाद कहा कि अंत में हमें जीत मिली। हमने उन्हें रोकने के लिए अच्छी गेंदबाजी की। हमारे बल्लेबाजों ने काम किया। एक टीम के तौर पर हमारी आउटिंग अच्छी रही। आप बहुत ज्यादा लालची नहीं हो सकते, आपको अपने बेसिक्स पर टिके रहने की जरूरत है, यही मैंने करने की कोशिश की। अर्शदीप को विकेट न मिलने पर रबाडा ने कहा कि वह काफी नर्वस है।

## यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने के लिए रूस के साथ बात करे भारतः डेनमार्क की प्रधानमंत्री

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने भारत से यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बात करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद उन्होंने संवाददाताओं को दिए गए बयान में, उम्मीद जताई कि भारत यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूस से बातचीत करेगा। डेनमार्क की प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों नेताओं ने यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा की। उन्होंने कहा,''हम कई मूल्यों को साझा करते हैं, दोनों देश नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रणाली में विश्वास करते हैं और करीबी साझेदार के रूप में हमने यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन में गंभीर मानवीय संकट पर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा,''बुका में नागरिकों की हत्या की खबरें बेहद चौंकाने वाली हैं। हमने इन हत्याओं की निंदा की है और हमने स्वतंत्र रूप से जांच की आवश्यकता पर बल दिया है।' उन्होंने कहा,''डेनमार्क और पूरे यूरोपीय संघ ने यूक्रेन पर रूसी सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा की।' डेनमार्क की प्रधानमंत्री ने कहा,''मेरा संदेश बहुत स्पष्ट है, पुतिन को इस युद्ध को खत्म करना है और हत्याओं को रोकना है। मुझे उम्मीद है कि भारत इस चर्चा में रूस को भी प्रभावित करेगा।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन पर अपनी टिप्पणी में कहा कि भारत ने लड़ाई को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया है और संघर्ष को समाप्त करने के लिए कूटनीति और बातचीत पर जोर दिया है।

## दक्षिण कोरिया का दावाः उत्तर कोरिया ने दागी मिसाइल, पूर्व में अज्ञात लक्ष्य को बनाया निशाना

**सियोल।** उत्तर कोरिया आए दिन कुछ न कुछ ऐसा कर रहा है, जिससे पड़ोसी देशों की चिंता बढ़ती जा रही है। अब दक्षिण कोरिया की ओर से दावा किया गया है कि, उत्तर कोरिया ने पूर्व की दिशा में





एक अज्ञात मिसाइल दागी है। इस मिसाइल और इसके लक्ष्य की अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है। यह हरकत ऐसे समय की गई है, जब उत्तर कोरियाई नेता सीधे तौर पर धमकी दे चुके हैं कि वह जरूरत पड़ने पर परमाणु हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## अमेरिकाः सैन फ्रांसिस्को में 60 मंजिला इमारत पर चढ़ा गर्भपात विरोधी कार्यकर्ता, हिरासत में लिया गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गर्भपात कानून को लेकर काफी काफी विवाद चल रहा है। इस बीच एक 22 वर्षीय गर्भपात विरोधी कार्यकर्ता ने सैन फ्रांसिस्को की सबसे ऊंची 60-मंजिला इमारत पर चढ़ गया। गर्भपात के अधिकारों पर एक फैसले को पलटने को लेकर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के लीक होने के बाद लोग सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि इमारत पर चढ़ने वाले शख्स का नाम मैसन डेस चैंप्स है और वह लास वेगास का रहने वाला है। अब उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इमारत के मालिकों के अनुसार, यह सैन फ्रांसिस्को की सबसे ऊंची और संयुक्त राज्य अमेरिका की 12वीं सबसे ऊंची इमारत है।

**ऊंचाई पर इंस्टाग्राम पोस्ट भी डाली**

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कार्यकर्ता मैसन डेस चैंप्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया और उसने अपने आप को स्पाइडरमैन बताया और यहां तक कि टावर पर एक इंस्टाग्राम स्टोरी भी पोस्ट की। इमारत पर चढ़कर मैसन ने कहा कि मैं यहां सेल्सफोर्स टॉवर पर हूं। सब ठीक चल रहा है, लड़के को अपने पोस्ट की गई इंस्टाग्राम स्टोरी में यह कहते हुए सुना जा सकता है। पुलिस ने जानकारी दी कि कार्यकर्ता के मकसद की अभी भी जांच की जा रही है। वहीं पुलिस इस बात का पता करने की कोशिश कर रही है कि उसे इतनी ऊंचाई पर चढ़ने के लिए किसने प्रेरित किया। वहीं कार्यकर्ता की मां बिन डेस चैंप्स ने कहा कि उसका बेटा गर्भपात विरोधी कार्यकर्ता है। रॉबिन डेस चैंप्स ने एक न्यूज चैनल को बताया कि वह हमेशा एक साहसी व्यक्ति रहा है और उसे खुशी है कि वह सुरक्षित है और इसके लिए उसने भगवान को धन्यवाद किया।

# डेनमार्क में मोदी ने दिया चलो इंडिया का नाराःकहा- हर भारतीय 5 विदेशी दोस्तों को भारत दर्शन के लिए भेजे, आप राष्ट्रदूत बनें

**कोपेनहेगन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह 'समावेशिता और सांस्कृतिक विविधता' है जो भारतीय समुदाय को हर पल जीवंत महसूस करने की शक्ति देती है तथा ये मूल्य हजारों वर्षों से भारतीयों के भीतर विकसित हुए हैं। नॉर्डिक राष्ट्र की अपनी यात्रा के दौरान डेनमार्क में बसे भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि सभी भारतीय लोग राष्ट्र की रक्षा के लिए एक साथ खड़े होते हैं और राष्ट्र निर्माण में हाथ मिलाते हैं। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, समावेशिता और सांस्कृतिक विविधता भारतीय समुदाय की शक्ति है, जो हम सभी को हर पल जीवंत महसूस कराती है। हजारों वर्षों के समय ने हमारे भीतर इन मूल्यों को विकसित किया है। पीएम मोदी ने सभी भारतीयों का आभार व्यक्त किया और लोगों को 'चलो भारत' का नारा भी दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में रह रहा हर भारतवासी अगर पांच गैर-भारतीयों को घूमने के लिए भारत भेजने का काम करेगा तो भारत दुनिया का सबसे लोकप्रिय डेस्टिनेशन बन जाएगा।

आगे की पंक्ति में बैठीं डेनमार्क की अपनी समकक्ष मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ सभागार में 'मोदी, मोदी' और 'मोदी है तो



मुमकिन है' के नारों के बीच, प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कोई भारतीय व्यक्ति दुनिया में जहां भी जाता है, ईमानदारी से अपनी कर्मभूमि, उस देश के लिए के लिए योगदान देता है। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन का आज यहां होना भारतीयों के प्रति उनके प्रेम और सम्मान का प्रमाण है।'

प्रधानमंत्री ने कहा,'कई बार जब मैं विश्व के नेताओं से मिलता हूं, तो वे गर्व से मुझे अपने देशों में बसे भारतीय समुदाय की उपलब्धियों के बारे में बताते हैं।' उन्होंने उल्लेख किया कि विदेशों में बसे भारतीयों की संख्या कुछ देशों की पूरी आबादी से अधिक है। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच हरित रणनीतिक साझेदारी डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन की व्यक्तिगत प्राथमिकताओं और मूल्यों द्वारा निर्देशित है। उन्होंने कहा, आज मैंने उनके साथ जो चर्चा की, वह दोनों देशों के संबंधों को नयी ताकत, नई ऊर्जा देगी। मोदी ने उल्लेख किया कि कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से लंबे समय से सभी की जिंदगी वर्चुअल मोड में चल रही थी और जैसे ही पिछले साल आवागमन संभव हुआ, प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन पहली सरकार प्रमुख थीं जिनका हमें भारत में स्वागत करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, यह भारत और डेनमार्क के बीच बढ़ते संबंधों को दर्शाता है। मोदी ने कहा, भाषा चाहे कुछ भी हो, लेकिन हम सभी की भारतीय संस्कृति है। हमारी खाने की थाली बदलती है, हमारा स्वाद बदलता है। लेकिन बार-बार प्यार से गुहार लगाने का भारतीय तरीका नहीं बदलता। उन्होंने कहा, हम राष्ट्र की रक्षा के लिए एक साथ खड़े होते हैं और राष्ट्र निर्माण में हाथ मिलाते हैं।

## आज की दुनिया में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच जंग चल रही है : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि दुनिया में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच जंग चल रही है और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का मानना है कि 21वीं सदी में लोकतंत्र को बनाए नहीं रखा जा सकता।

बाइडन ने अलबामा के 'लॉकहीड मार्टिन पाइक काउंटी ऑपरेशन' में कहा, '' हम इतिहास में बदलाव के मोड़ पर हैं, यकीनन...यह प्रत्येक छठवीं या आठवीं पीढ़ी में होता है, जहां चीजें बहुत तेजी से बदलती हैं, लेकिन हमें नियंत्रण में रहना होता है।'' उन्होंने कहा, '' मित्रों दुनिया में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच जंग चल रही है। चीन के नेता शी चिनफिंग, जिनके साथ मेरी बात हुई और उनके साथ मैंने दुनिया के किसी अन्य नेता की तुलना में अधिक वक्त बिताया है। उनके साथ व्यक्तिगत तौर पर और फोन पर करीब 78 घंटे बिताए हैं और उनका कहना है कि 21वीं सदी में लोकतंत्र को बनाए नहीं रखा जा सकता।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, '' यह मजाक नहीं है। इसे इसलिए नहीं बनाए रखा जा सकता, क्योंकि चीजें तेजी से बदल रही हैं। लोकतंत्र सहमति से बनता है और सहमति बनना मुश्किल है लेकिन केवल इसलिए तानाशाही नहीं ला सकते। ऐसा नहीं होने वाला। अगर ऐसा होता है तो पूरी दुनिया बदल जाएगी।'' बाइडन ने लोगों से कहा कि वह इस बात



को संभव बना रहे हैं कि यूक्रेन के लोग अपनी रक्षा खुद कर सकें अमेरिका को युद्ध में शामिल होने का खतरा नहीं उठाना पड़े।

उन्होंने लॉकहीड के कर्मचारियों को बताया कि अमेरिका ने यूक्रेन को 5500 से अधिक जैवलिन टैंक रोधी मिसाइलें देने का वादा किया है। लॉकहीड कंपनी इन्हीं मिसाइलों का निर्माण करती है।

## उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किए गए रॉकेट को हेलीकॉप्टर से पकड़ने की कोशिश

**वेलिंगटन।** 'रॉकेट लैब' ने अपने छोटे इलेक्ट्रॉन रॉकेटों को पुनः इस्तेमाल योग्य बनाने की कोशिश की। इसके तहत उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किए गए एक रॉकेट को हेलीकॉप्टर की मदद से पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन उसे पकड़ते ही हेलीकॉप्टर के चालक दल के सदस्यों को सुरक्षा कारणों के चलते उसे छोड़ना पड़ा और रॉकेट प्रशांत महासागर में गिर गया।

यहां से उसे एक नाव की मदद से बाहर लाया गया। इस अभियान को सफल बताते हुए कंपनी ने अप्रत्याशित भार को एक छोटी समस्या माना, जिसे जल्द ठीक कर दिया जाएगा।

'रॉकेट लैब' के सीईओ पीटर बेक ने बताया कि उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचाने के बाद पृथ्वी की ओर लौटते रॉकेट को हेलिकॉप्टर से पकड़ने का काम बेहद जटिल है। उन्होंने इस काम की तुलना 'सुपरसोनिक बैले' से



की है। लेकिन इसमें सुधार किया जाएगा।

**पैराशूट के जरिये पकड़ा रॉकेट**

एक इलेक्ट्रॉन रॉकेट को प्रक्षेपित किया गया और मुख्य बूस्टर सेक्शन के पृथ्वी पर गिरने से पहले उसने 34 उपग्रहों को कक्षा में भेजा। एक पैराशूट द्वारा उसके नीचे आने की गति को धीमा भी किया गया। इसके बाद हेलिकॉप्टर के चालक दल के सदस्यों ने रॉकेट को पैराशूट के जरिये पकड़ा, लेकिन हेलिकॉप्टर पर कुल भार, परीक्षण तथा 'सिमुलेशन' के मापदंडों से अधिक हो गया और इसलिए उन्होंने उसे गिराने का फैसला किया।

## जीवंत,स्वतंत्र प्रेस किसी भी फलते फूलते लोकतंत्र की आधारशिला है : ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने वर्तमान समय में प्रेस की स्वतंत्रता सहित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर मंडरा रहे खतरों को रेखांकित करते हुए कहा कि एक जीवंत एवं स्वतंत्र प्रेस किसी भी फलते-फूलते लोकतंत्र की आधारशिला है।

'वाशिंगटन फॉरेन प्रेस सेंटर' में एक संवाददाता सम्मेलन में ब्लिंकन ने कहा कि दुनिया भर में, सरकारें तथा सरकार से इतर ताकतें जैसे आतंकवादी संगठन, आपराधिक संगठन, पत्रकारों को धमकाते हैं, परेशान करते हैं, उन्हें जेल में डालते हैं और उन्हें निशाना बनाते हैं। उन्होंने कहा, '' प्रेस की स्वतंत्रता को कम करने के लिए सरकारें दमन के पारंपरिक तरीकों की जगह नई रणनीतियां अपना



रही हैं। अधिकतर सरकारें सूचना तक पहुंच को नियंत्रित करने के लिए कदम उठा रही हैं, सेंसरशिप आदि के जरिए खासकर इंटरनेट पर मौजूद समाचारों को नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है।'' उन्होंने कहा कि इन प्रतिबंधों के कारण पांबदियों वाले क्षेत्रों से खबर देना और वहां खबरें पहुंचाना मुश्किल हो गया है।

ब्लिंकन ने कहा कि प्रौद्योगिकी का उपयोग न केवल पत्रकारों को रोकने के लिए, बल्कि उन पर नजर रखने के लिए भी किया जा रहा है। एक स्वतंत्र शोध के अनुसार, 2020 से 2021 के बीच, अल सल्वाडोर में 30 से अधिक पत्रकारों, संपादकों और अन्य मीडिया कर्मचारियों के मोबाइल फोन को स्पाइवेयर पेगासस के जरिए हैक किया गया था। उन्होंने कहा, '' एक जीवंत, स्वतंत्र प्रेस किसी भी फलते-फूलते लोकतंत्र की आधारशिला है। इसके मूल में यह विचार है कि सूचना हर हाल में महत्वपूर्ण है.....।'' ब्लिंकन ने पाकिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता पर बात करते हुए कहा कि मीडिया और नागरिक संगठनों पर प्रतिबंध पाकिस्तान की छवि के साथ-साथ उसकी प्रगति की क्षमता को भी कमजोर करता है।उन्होंने कहा, ''हम पाकिस्तान में मीडिया घरानों और नागरिक संगठनों पर लगाए गए प्रतिबंधों से अवगत हैं। '

' 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' (आरएसएफ) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में पाकिस्तान के विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 145वें स्थान से गिरकर 157वें स्थान पर पहुंचने के बाद ब्लिंकन ने यह बयान दिया। ब्लिंकन ने एक सवाल के जवाब में कहा, '' एक जीवंत, स्वतंत्र प्रेस समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं।''

## पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में चीन के विमान वाहक पोत युद्धाभ्यास कर रहे

**बीजिंग।** चीन की नौसेना में लियाओनिंग विमान वाहक पोत के बेड़े ने पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में ''वास्तविक लड़ाकू'' प्रशिक्षण मिशन शुरू किया है। चीन की नौसेना ने यह जानकारी दी। नौसेना ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर बताया कि यह एक सामान्य मिशन है जिसमें सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनों और कायदों का पालन किया जा रहा है और इसका निशाना कोई तीसरा पक्ष नहीं है।हालांकि ऐसे समय जब बीजिंग एशिया में प्रमुख सैन्य शक्ति के रूप में अमेरिका को पीछे छोड़ना चाहता है तब यह मिशन चीन की नौसैन्य ताकतों की बढ़ती भूमिका जरूर रेखांकित करता है। जलपोतों की संख्या के मामले में चीन के पास दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है जबकि विमान वाहक पोतों, परमाणु पनडुब्बियों और क्षेत्र में सैन्य ठिकानों तथा सहयोगियों के मामले में अमेरिका को चीन पर बढ़त हासिल है। प्रतिस्पर्धा रणनीतिक रूप से अहम दक्षिण चीन सागर पर केंद्रित है।लियाओनिंग को मूल रूप से यूक्रेन से 'हल्क' के रूप में खरीदा गया था और फिर इसमें अनेक परिवर्तन किए गए। इसके बाद चीन ने अपने बेड़े में दूसरा पूर्ण रूप से स्वदेश निर्मित विमान वाहक 'शेनडांग' जोड़ा।

**चीन की नौसेना में लियाओनिंग विमान वाहक पोत के बेड़े ने पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में "वास्तविक लड़ाकू" प्रशिक्षण मिशन शुरू किया है। चीन की नौसेना ने यह जानकारी दी।**

# तालिबान शासन के लिए बढ़ती ही जा रही हैं चुनौतियां, गहराया आर्थिक संकट, हालात अकाल जैसे

**काबुल।** काबुल पर तालिबान का कब्जा हुए आठ महीने गुजर चुके हैं। लेकिन इस दौरान तालिबान अपनी सत्ता को स्थिरता नहीं दे पाया है। विश्लेषकों की राय है कि अफगानिस्तान आज भी राजनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक रूप से उतना ही अस्थिर है, जितना पिछले साल अगस्त है। गिरफ्तार आतंकवादी को एक शिया मस्जिद पर हमले का मास्टरमांइड बताया गया था। उस हमले में 31 लोग मारे गए थे।



पर्यवेक्षकों का कहना है कि हालिया हमलों ने तालिबान नेतृत्व के इस दावे को गलत साबित कर दिया है कि आईएसआईएस-के का देश में खात्मा कर दिया गया है। साथ ही देश में सभी अल्पसंख्यक समुदायों को पूरी सुरक्षा देने का उसका वादा भी खोखला साबित हुआ है। वेबसाइट एशिया टाइम्स की एक रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया है कि तालिबान शासन में अंदरूनी मतभेद के कारण आईएसआएस-के आज भी एक मजबूत ताकत बना हुआ है। समझा जाता है कि हक्कानी गुट के इस आतंकवादी गुट से पुराने रिश्ते हैं। हक्कानी आईएसआईएस-के के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को इच्छुक नहीं रहे हैं। जबकि तालिबान शासन में गृह मंत्रालय हक्कानी गुट के पास ही है।

एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि ऐसे बहुत से लड़ाके आईएसआईएस-के में शामिल हो गए हैं, जिन्हें अमेरिकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने प्रशिक्षित किया था। जब अमेरिकी सेना अफगानिस्तान में थी, तब इन लोगों को तालिबान से लड़ने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। इन लोगों के शामिल होने से आईएसआईएस-के की ताकत बढ़ी है।

अमेरिकी थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज ऑफ वॉर के एक ताजा अध्ययन के मुताबिक अफगानिस्तान में ऐसे कई गुट हैं, जिनकी राय में तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया है। इसलिए ये गुट अपने हमलों को आजादी की लड़ाई बताते हैं। हाल में पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी के दौर में अफगान सुरक्षा बल से जुड़े रहे लेफ्टिनेंट जनरल समी सादात भी इन गुटों से जाकर मिल गए।

इन घटनाओं से बढ़ी चुनौती से तालिबान परिचित है। खबरों के मुताबिक इसीलिए उसने हाल में उत्तरी अफगानिस्तान में अपने बलों की तैयारी बढ़ा दी है। इसे देखते हुए कई विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है कि आने वाले महीनों में अफगानिस्तान में गृह युद्ध जैसा माहौल बनेगा। उससे आर्थिक संकट के और गहराने की आशंका भी जताई गई है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्

योग सत्संग समिति द्वारा

विपिन इण्टरप्राइजेज

1/6C माधव कुंज

कटरा प्रयागराज

से मुद्रित एवम् क्रियायोग

आश्रम अनुसंधान संस्थान

झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश

211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:-

akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## श्रीलंका आर्थिक संकटः गंभीर मेडिकल इमरजेंसी की तरफ बढ़ रहा है देश, दवाएं न होने से ओपीडी सेवाएं ठप

**कोलंबो।** श्रीलंका में जरूरी दवाओं और चिकित्सा उपकरणों का आयात न हो पाने के कारण देश में मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति बनती जा रही है। ये चेतावनी मशहूर ब्रिटिश मेडिकल जर्नल द लांसेट ने अपनी एक रिपोर्ट में दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में चिकित्सा सामग्रियों का अभाव 2022 में पूरे साल बना रहेगा। इस कारण जरूरी सर्जरी भी नहीं हो सकेगी। रिपोर्ट में ये अनुमान श्रीलंका के डॉक्टरों और सहायताकर्मियों से बातचीत के आधार पर लगाया गया है।

श्रीलंका के डॉक्टरों के संगठन ने दुनिया भर की मेडिकल संस्थाओं से मदद भेजने की अपील की है। उन्होंने बताया है कि पूरे देश में ओपीडी सेवाएं ठप होती जा रही हैं। फिलहाल डॉक्टर केवल आपातकालीन चिकित्सा कर पा रहे हैं। श्रीलंका में मेडिकल इमरजेंसी के बन रहे हालात का सीधा संबंध देश के आर्थिक संकट से है। देश में विदेशी मुद्रा की कमी हो जाने के कारण हर तरह की वस्तुओं का आयात मुश्किल हो गया है। श्रीलंका अपनी खाद्य, ईंधन, और औषधि संबंधी लगभग 85 फीसदी जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। श्रीलंका सरकार ने विदेशी मुद्रा का संकट दूर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से बातचीत शुरू की है। लेकिन संकेत हैं कि इसके पूरा होने में लंबा समय लगेगा। खुद श्रीलंका के नए वित्त मंत्री अली साबरी कह चुके हैं कि इसके पहले कि स्थितियां सुधरें, ये और बदतर होंगी। श्रीलंका रेड क्रॉस सोसायटी के



मुताबिक देश में जिन दवाओं की भारी कमी हो चुकी है, उनमें रेबीज से लेकर बेहोश करने की दवा तक शामिल हैं। रेड क्रॉस के महानिदेशक महेश गुनासेकरा ने द लांसेंट को बताया- 'दवाओं की कमी है। कई जगहों पर दुकानों में वे उपलब्ध नहीं हैं। ईंधन संकट के कारण बिजली की कटौती हो रही है। इस वजह से आईसीयू और ऑपरेशन थियेटर मांग के मुताबिक काम नहीं कर पा रहे हैं। मुझे अंदेशा है कि ये संकट अगले छह महीनों तक इसी तरह जारी रहेगा।

## अमेरिकाः कैलाश सत्यार्थी बोले- भारत में 2047 तक हर बच्चा शिक्षित और सुरक्षित होगा

**वाशिंगटन।** नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि भारत ने बीते कुछ वर्षों में बाल श्रम की समस्या से निपटने के लिए काफी सराहनीय कदम उठाए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 2047 तक देश का हरेक बच्चा सुरक्षित और शिक्षित होगा। भारत 2047 में स्वतंत्रा की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। सत्यार्थी ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत में बाल श्रम को खत्म करने के लिए सामाजिक व राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। इसके लिए सरकार को समाज व निजी क्षेत्र के समर्थन की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, भारत में हरेक बच्चे को स्वतंत्रता, सुरक्षा, शिक्षा और सभी तरह के मौके मिलने चाहिए। मुझे यकीन है कि यह (2047 से पहले) होगा। सत्यार्थी, शांति कार्यक्रमों में भाग लेने और बाइडन प्रशासन के सदस्यों, थिंक टैंक सदस्यों व सांसदों से मिलने अमेरिका आए हैं। उन्होंने कहा, जब मैं समाज के अंतिम व्यक्ति के बारे में बात करता हूं तो मेरा दृष्टिकोण महात्मा गांधी से प्रेरित है। कैलाश सत्यार्थी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि भारत अपना लक्ष्य पूरा करने में सक्षम होगा और 2047 तक का इंतजार नहीं करेगा। हम समय से पहले इसे हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा, जिस दिन यूपी या बिहार अथवा दक्षिण में एक सुदूर गांव के सबसे निचले सामाजिक एवं आर्थिक तबके की लड़की स्कूल जाने के लिए स्वतंत्र होगी और उसे अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिलेगा, तब भारत सही मायने में पूर्ण रूप से स्वतंत्र होगा।